रांची, रविवार, 21 दिसंबर 2025
संवत 2082, पौष शुक्ल 2 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 102 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ इस गुफा की चट्टानों के आकार करते हैं हैरान

शाहरुख से भिड़े रणबीर ◂◂ 6

# 29 दिसंबर को झारखंड आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों में जुटा प्रशासन

संवाददाता



जमशेदपुरः भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। विशेषकर सड़क मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। जमशेदपुर के एसएसपी ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा की सभी एजेंसियां अलर्ट हैं और सड़क किनारे भवनों की स्क्रीनिंग की जा रही है।

जमशेदपुर और सरायकेला का दौरा करेंगी राष्ट्रपतिः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जमशेदपुर में पहली बार आगमन हो रहा है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। आपको बता दें कि राष्ट्रपति 29 दिसंबर 2025 को झारखंड दौरे पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर के करनडीह जाहेर स्थान के अलावा सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुरएनआईटी में भी जाएंगी।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की जा रही हैं व्यापक तैयारियांः जमशेदपुर सोनारी एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति पहुंचेंगी। उसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सोनारी एयरपोर्ट से करनडीह जाहेर स्थान और करनडीह से आदित्यपुर एनआईटी तक मार्ग को पूरी तरह दुरुस्त किया जा रहा है। राष्ट्रपति के आगमन से प्रस्थान तक सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक ना हो, इसे लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

भवन, फ्लैट्स और अन्य स्थानों की चल रही स्क्रीनिंगः पूर्वी सिंहभूम जिला के एसएसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन पर प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन किया जाएगा। राज्य पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल की मांग की गई है। सोनारी से करनडीह तक चप्पे-चप्पे तक फोर्स की तैनाती रहेगी। यातायात में कोई परेशानी न हो इसे लेकर रूट चार्ट बनाया गया है। सोनारी से कार्यक्रम स्थल तक रूट में जितने भी भवन, फ्लैट्स या अन्य व्यवस्था है, सभी की स्क्रीनिंग की जा रही है। सुरक्षा की सभी एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

## जोहान्सबर्ग में अंधाधुंध फायरिंग, हमलावरों ने सड़क पर चल रहे लोगों पर बरसाईं गोलियां, 10 की मौत



**नई दिल्ली:** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास टाउनशिप इलाके में अंधाधुंध फायरिंग हुई है। इस घटना में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। एएफपी ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने जोहान्सबर्ग के पास एक गांव में गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार हमलावर के मकसद का अभी भी पता नहीं चला है। पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने सड़क पर चलते लोगों पर पीछे से गोलियां बरसाईं। पुलिस के मुताबिक जिस स्थान पर गोलीबारी हुई है वहां अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। पुलिस ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और हमलावरों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

# गुवाहाटी पहुंचे प्रधानमंत्री, असम आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नए टर्मिनल कॉम्प्लेक्स के एंट्रेंस पर भारत रत्न गोपीनाथ बारदोलोई की मूर्ति का भी किया अनावरण

एजेंसी



**गुवाहाटीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुवाहाटी के पश्चिम बोरागांव में शहीद स्मारक क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने गुवाहाटी में 'परीक्षा पे चर्चा' प्रोग्राम के तहत असम के 25 होनहार स्टूडेंट्स से बातचीत करेंगे। यह बातचीत ब्रह्मपुत्र नदी पर एक क्रूज पर होगी। ये परीक्षाओं से पहले स्टूडेंट्स के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत के लिए एक खास जगह होगी। बाद में प्रधानमंत्री डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन कैपेसिटी वाले एक फर्टिलाइजर प्लांट का शिलान्यास करेंगे। इस प्रोजेक्ट का मकसद इस इलाके में फर्टिलाइजर प्रोडक्शन को मजबूत करना और खेती के विकास का समर्थन करना है। पीएम मोदी शनिवार को गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने नए टर्मिनल कॉम्प्लेक्स के एंट्रेंस पर भारत रत्न लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई की मूर्ति का भी अनावरण किया और इस आइकॉनिक लीडर और असम के पहले मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि दी। उद्घाटन के दौरान इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि असम और पूरा पूर्वोत्तर भारत के विकास के लिए एक नए गेटवे के तौर पर उभर रहा है। उन्होंने इस मौके को असम और नॉर्थईस्ट इलाके के विकास और तरक्की का जश्न बताया और कहा कि जो बदलाव हो रहा है, वह सरकार के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर लगातार फोकस को दिखाता है। इस मौके पर इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि शनिवार को असम और पूर्वोत्तर के विकास और तरक्की का त्योहार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब तरक्की की रोशनी लोगों तक पहुँचती है तो जिंदगी का हर रास्ता नई ऊँचाइयों को छूने लगता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि असम की धरती से उनका गहरा लगाव यहां के लोगों का प्यार और स्नेह और खासकर असम और पूर्वोत्तर की माताओं और बहनों का अपनापन और उन्हें लगातार प्रेरित करता है। इस इलाके को विकसित करने के सामूहिक इरादे को मजबूत करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज एक बार फिर असम के विकास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है।

# सीबीआई ने लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार के घर से 2.26 करोड़ किए जब्त

एजेंसी



**नई दिल्ली :** सीबीआई ने घूसखोरी के आरोप में लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा और एक निजी व्यक्ति विनोद कुमार को गिरफ़्तार किया है। कर्नल के घर से 2.26 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं। इसमें घूस के रूप में ली गयी तीन लाख रुपये की राशि भी शामिल है। कर्नल ने रक्षा उत्पाद और निर्यात से जुड़ी दुबई की कंपनी को मदद करने के लिए तीन लाख रुपये घूस ली थी।

सीबीआई को गुप्त स्त्रोतों से इस बात की जानकारी मिली थी कि कर्नल शर्मा रक्षा उत्पाद से जुड़ी कंपनियों को मदद करने के लिए घूस लेते हैं। इस सूचना की प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की। इसमें कर्नल दीपक शर्मा (उप योजना अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं निर्यात, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय) और उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली (कमांडिंग ऑफिसर, 16 इन्फेंट्री डिवीजन ऑर्डनेंस यूनिट, श्रीगंगानगर, राजस्थान) सहित अन्य लोगों को अभियुक्त बनाया। इसमें कंपनियों से घूस लेकर अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया। इसके अलावा कंपनी के स्थानीय प्रतिनिधियों के कर्नल के नियमित संपर्क मे रहने का आरोप लगाया गया। सीबीआई ने मामले की जांच में पाया कि कंपनी के निर्देश पर विनोद कुमार ने 18 दिसंबर को कर्नल को घूस के रूप में तीन लाख रुपये दिये थे।इसके के बाद सीबीआई ने 20 दिसंबर को कर्नल दीपक शर्मा के दिल्ली स्थित आवास और उनकी पत्नी के गंगानगर स्थित ठिकानों के अलावा कंपनी से जुड़े लोगों के बेंगलूरु स्थिति ठिकानों पर छापा मारा। छापामारी के दौरान कर्नल दीपक शर्मा के घर से 2.26 लाख रुपये सहित अनेक दस्तावेज जब्त किये गये। जब्त की गयी इस राशि में घूस के रूप में लिये गए तीन लाख रुपये भी शामिल हैं। सीबीआई को गंगानगर स्थित ठिकानों से 10 लाख रुपये नकद मिले।छापेमारी के बाद सीबीआई ने कर्नल शर्मा और निजी कंपनी के प्रतिनिधि विनोद कुमार को गिरफ़्तार कर कोर्ट में पेश किया। सीबीआई के अनुरोध पर न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को 23 दिसंबर तक के लिये पुलिस रिमांड देने का आदेश दिया। इस आदेश के आलोक में सीबीआई दोनों अभियुक्तों को रिमांड पर पूछताछ कर रही है।

# केंद्र सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया इसके खिलाफ लड़ाई लड़ूंगी : सोनिया गांधी

एजेंसी



**नई दिल्लीः** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा की जगह नया कानून लाकर उसने गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 11 साल से इस कानून को कमजोर करने का लगातार प्रयास करती रही है और अब उसने गरीबों के रोजगार के लिए बने इस कानून को ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों को यह अधिकार दिलाने के लिए लड़ी थीं और अब इसे खत्म कर गरीबों का अधिकार छीनने के खिलाफ भी लड़ेंगी। सोनिया गांधी ने शनिवार को यहां एक वीडियो संदेश में कहा ह्मुझे आज भी याद है, 20 साल पहले डॉ। मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू से ही इस योजना को महत्व नहीं दे रही है और पिछले 11 साल में उसने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की जबकि कोविड के वक़्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। अफसोस इस बात का है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। इस योजना से न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरुप भी बिना विचार-विमर्श, बिना किसी से सलाह-मशवरा और विपक्ष को विश्वास में लिए बिना मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। कांग्रेस का मनरेगा को लाने और लागू करने में बड़ा योगदान था, लेकिन यह पार्टी से जुड़ा मामला कभी नहीं रहा बल्कि यह देशहित और जनहित से जुड़ी योजना थी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने कहा इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। बीस साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे जैसे कांग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं।

# शटर तोड़कर दुकान से एक करोड़ के आभूषण की चोरी



✔ महिला समेत तीन संदिग्ध सीसीटीवी में कैद

एजेंसी

**लखनऊ :** राजधानी लखनऊ में शनिवार की रात चोरों ने शटर तोड़कर ज्वैलर्स की दुकान में हाथ साफ कर दिया। घटना मलिहाबाद थाने से महज 400 मीटर दूर की है। यहां मिर्जागंज में फजल ज्वैलर्स की दुकान में चोरी हुई है। चोरों ने शटर तोड़कर करीब एक करोड़ से अधिक के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। रविवार की सुबह दुकान मालिक बबली को जानकारी हुई। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ जांच की। इस दौरान एक डॉग कुछ दूर बाग में जाकर रुक गया। वहां पर पुलिस ने जांच की है। दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी की जांच की गई है। सीसीटीवी में महिला सहित तीन अज्ञात चोर दिखे हैं। मौके पर एडीसीपी सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे। व्यापारी को जल्द खुलासा करने का आश्वाशन दिया है।

## जेवर दुकान में लूट, तीन करोड़ के गहने और कैश ले भागे अपराधी



रामगढ़: जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र स्थित ज्वेलरी दुकान में लूट हुई है। पांच की संख्या में आए हथियार बंद लुटेरों ने दुकान में धावा बोलकर लगभग 3 करोड़ रुपए के सोने-चांदी के गहने और कैश लूट लिये। हालांकि पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस पूरे मामले को लेकर तहकीकात कर रही है। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के विजय ज्वेलर्स नामक दुकान में शनिवार शाम दुकानदार द्वारा जैसे ही दुकान बंद करने की तैयारी की जा रहा थी। इसी बीच चार-पांच की संख्या में युवक पहुंचे और शादी के लिए सोने चांदी के जेवरात खरीदने की बात दुकानदार विजय से की। उन लोगों ने पिस्तौल निकाल कर दुकान के अंदर मालिक विजय और कर्मचारी विशाल, राजकुमार, डोमन पर बंदूक दिखाकर मारपीट करने लगे।

लुटेरों के साथ पंहुचे एक लुटेरे ने दुकान की शटर गिरा दी और जब दुकानदार हल्ला करने लगे तब उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद देखते ही देखते अपराधियों ने दुकान में रखे सोने-चांदी के तमाम जेवरात और दिनभर की बिक्री के जमा रुपया लूट कर फरार हो गए। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ इक्कट्ठा हो गई। भुरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की तहकीकात कर रही है। साथ ही सीसीटीवी को भी खंगाल रही है ताकि जिन लुटेरे की शक्ल सीसीटीवी में कैद है उनकी शिनाख्त की जा सके। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद बाजार में अफरातफरी के माहौल देखने को मिल रहा है। दुकानदार विजय वर्मा ने बताया कि वह दुकान में थे इसी दौरान पांच की संख्या में लोग पहुंचे और सोने चांदी के जेवरात शादी में देने के लिए शादी में खरीदारी के लिए खरीदने की बात कही। इसके बाद जैसे ही वह सामान निकालने लगे वैसे ही एक युवक ने दुकान के शटर को गिरा दिया और अंदर मौजूद चार युवक हथियार के बल पर उन्हें कब्जे में ले लिया। उनके साथ मारपीट कर बोले कि जितना भी सोना चांदी है वह हम लोगों के हवाले कर दो नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। इसके बाद देखते ही देखते दुकान में रखा लगभग एक क्विंटल चांदी, जेवरात और लगभग डेढ़ किलो सोने के जेवरात को लूट लिया। इन गहनों और कैश को अपराधी पांच बैग व झोला में भर कर फरार हो गए।

इस वारदात को लेकर भुरकुंडा थाना के सब इंस्पेक्टर अजित ने बताया कि जेवलरी दुकान में लूट की वारदात की सूचना मिली है। पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है कई टीमें अलग अलग जगहों में छापेमारी में निकली है। पूरे मामले में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है जांच जारी है।

# रेलवे ने किराया बढ़ाया: 215 किलोमीटर से ज्यादा के सफर में 1 से 2 पैसे की बढ़ोतरी, 26 दिसंबर से लागू

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा के लिए किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह नया किराया 26 दिसंबर 2025 से लागू होगा। 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। रेलवे का अनुमान है कि इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। हालांकि, 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### किस क्लास में कितना बढ़ेगा किराया?

लोकल ट्रेन और मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) वाले लोगों का किराया नहीं बढ़ेगा। 215 किमी तक साधारण (ऑर्डिनरी) क्लास में कोई बढ़ोतरी नहीं। 215 किमी से ज्यादा सफर पर साधारण क्लास में 1 पैसा प्रति किमी बढ़ेगा। मेल/एक्सप्रेस की नॉन-एसी ट्रेनों में 2 पैसे प्रति किमी बढ़ोतरी। एसी क्लास में भी 2 पैसे प्रति किमी बढ़ेगा। इससे रेलवे को इस साल करीब 600 करोड़ रुपए एक्स्ट्रा मिलेंगे। रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। 215 किलोमीटर से कम के सफर पर किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसका मतलब है कि कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है। रेलवे ने सब-अर्बन (उपनगरीय) ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## दुष्कर्म के तीन दोषियों को उम्रकैद

**गोड्डा :** जिले की एक अदालत ने एक नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार के मामले में 3 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। पॉक्सो मामलों के विशेष न्यायाधीश सह जिला न्यायाधीश कुमार पवन की अदालत ने कुंदन कुमार पासी, मोहम्मद राशिद और मोहम्मद जागीर को नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई और उन पर 50,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजाः नवंबर 2024 में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, 16 वर्षीय किशोरी मेले से घर लौट रही थी, तभी दो दोषियों ने एक पुल के पास उसे पकड़ लिया और उसे पास के एक खेत में खींच ले गए, जिसके बाद उन्होंने अपने एक दोस्त को बुलाया। तीनों दोषियों ने बारी-बारी से इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। पीड़िता ने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई, जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। सबूतों के आधार पर, अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया और उम्रकैद की सजा सुनाई।

## सिल्ली स्वास्थ्य केन्द्र ने चलाया जागरूकता अभियान



**मुरी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी सिन्हा के निर्देश पर सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत में डॉक्टर विवेक कुमार ने मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं पोषण तथा पर्यावरण एवं डॉक्टर सुमी ने किशोरी स्वास्थ्य तथा व्यक्तिगत स्वच्छता तथा विभिन्न रोगों से रोकथाम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया।सुरेंद्रनाथ महतो तथा ब्रजकिशोर महतो (स्वास्थ्य कार्यकर्ता) ने वेक्टर जनित रोगों जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू के लक्षण के बारे में और रोकथाम की जानकारियां दिया। स्वास्थ्य शिविर में सिस्टर मीना देवी, रीना महतो, पीरामल फाउंडेशन के संजय महतो तथा डेवलपमेंट फॉक्स के अमित टोप्पनो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस दौरान स्वास्थ्य सहिया, सेविका तथा ग्रामीणों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।

## पत्रकार मिलन समारोह में मुत्तिनाथ गिरि को दी गई श्रद्धांजलि



**खलारी :** खलारी, पिपरवार ,एवं मैक्लुस्कीगंज के स्थानीय पत्रकारों कीसपही नदी तट पर शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें खलारी, पिपरवार , मैक्लुस्कीगंज के पत्रकारों ने दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि को श्रद्धांजलि अर्पिंत की गई। इस मिलन समारोह मे रांची प्रेस क्लब की नई एवं पुरानी कमेटी के शंभूनाथ चौधरी, अभिषेक सिन्हा सुरेन्द्रलाल सोरेन, अमरकान्त, राजेश सिंह, संजय कुमार रंजन, सत्यप्रकाश पाठक, दिव्यांशु झा, राकेश कुमार सिंह, राजकुमार, कुबेर सिंह, रंजीत सिंह, सोहन सिंह, पिंट् दुबे, बाबी, संजय सुमन, जयशंकर,प्रभात सिंह, अखिलेश कुमार, रतन लाल, विमलदेव,उपस्थित थे वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत मुक्तिनाथ गिरि न केवल एक निर्भीक और ईमानदार पत्रकार थे, बल्कि वे पत्रकारिता के मूल्यों और सामाजिक सरोकारों के प्रति भी सदैव समर्पित रहे पत्रकारों ने मुक्तिनाथ गिरि के साथ बिताए गए अपने व्यक्तिगत और पेशेवर अनुभवों को साझा किया। मौके पर विष्णु साहु, बसंत कुमार पंकज, धीरेन्द्र प्रसाद,सुनील कुमार, अरूण चौरसिया, प्रमोद तिवारी, दिनेश पांडेय, मनोज प्रसाद, गोपी चौरसिया, अनिल पांडेय, विनीत कुमार, संजय गुप्ता, पवन गुप्ता, जितेन्द्र राणा, नरेश चौरसिया, अखिलेश गिरि,देवनारायण गंझू, धीरेन्द्र कुमार सिंह, संजय ओझा, जितेन्द्र गिरि, विपिन नायक, रोहित कुमार, कुमार प्रकाश, मासूम, राकेश कुमार, मुमताज अहमद, मो। परविज, जयप्रकाश साहा, रूपलाल, महतो प्रवेश चौहान विश्वजीत चौहान विशाल,कुमार याकुब सहित कई पत्रकार शामिल थे।

## क्रिसमस की तैयारी में जुटे लोग, साफ-सफाई व खरीदारी को लेकर उत्साह

**किस्को :** प्रखंड क्षेत्र में क्रिसमस पर्व को लेकर उत्साह का माहौल बनने लगा है। सीएनआइ चर्च मेरले, बेठहठ, फटया टोली, जीएल चर्च कोचा, निनी, तिसिया, तलसा सहित अन्य स्थानों पर तैयारियां तेज कर दी गयीं हैं। चर्च परिसरों में साफ-सफाई और सजावट का कार्य चल रहा है, वहीं लोग खरीदारी को लेकर भी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। 24 दिसंबर की रात प्रभु यीशु मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में रात्रि जागरण होगा। इसके बाद 25 दिसंबर को विशेष आराधना संपन्न होगी। आराधना के पश्चात विभिन्न चर्चों में क्रिसमस सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। इसाई समुदाय के सबसे बड़े पर्व को लेकर घरों में भी रौनक दिखने लगी है। लोग अपने घरों को क्रिसमस ट्री, लाइटिंग और स्टार से सजा रहे हैं। क्रिसमस को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गयी है। सजावटी सामानों में सांता क्लॉज के पुतले व मुखौटे, क्रिसमस ट्री, बॉल्स, कैंडल्स, आर्टिफिशियल लाइट्स, रंग-बिरंगी झालरें, कलर पेपर, जिंगल बेल और बैलून की खरीदारी की जा रही है। प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में पूरे प्रखंड क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और लोग पर्व को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं, बाजारों में भी रौनक नजर आ रही हैसंत महर्षि की जयंती पर भंडारा आयोजित

## संत महर्षि आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन

**देवीपुर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित संत महर्षि आश्रम में शनिवार को उनके जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक ऋचाओं के मंत्रोच्चार और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसमें दूर-दराज से आये अनुयायियों ने भाग लिया।

### गूंज सेवा महोत्सव का भव्य समापन

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अग्रणी प्रतीक है गूंज : राज्यपाल





## बिनोद बाबू की प्रतिमा का लोकार्पण, सेवा, संस्कृति, सम्मान का संगम

संवाददाता

**रांची :** झारखंड आंदोलन के प्रणेता बिनोद बिहारी महतो की पुण्य स्मृति को समर्पित तीन दिवसीय गूंज सेवा महोत्सव का भव्य समापन पंच परगना के केंद्र सोनाहातू में हुआ। रांगाडीह टांड़ मैदान में आयोजित समापन समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार, गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इससे पूर्व रंगाडीह मोड़ पर बिनोद बाबू की 9 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि गूंज महोत्सव झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अग्रणी प्रतीक बनकर उभरा है। यह विविधता में एकता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बिनोद बाबू का संघर्ष, सामाजिक चेतना और पढ़ो और लड़ो का संदेश आने वाली पीढ़ियों को दिशा देता रहेगा। राज्यपाल ने छऊ कलाकारों और स्कूली छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए गूंज परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की।

### सामाजिक समरसता का मंचः संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि गूंज महोत्सव संस्कृति और सामाजिक विषयों को मंच देने के साथ युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि बीते तीन दशकों से यह आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रहा है।

### गूंज हमारे लिए उत्सव नहीं, दायित्व हैः सुदेश महतो

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने स्वागत भाषण में कहा कि राज्यपाल का परगना आना क्षेत्रवासियों के लिए उत्साह का विषय है। उन्होंने कहा कि गूंज महोत्सव हमारे लिए केवल उत्सव नहीं बल्कि सेवा, सम्मान और सांस्कृतिक समागम का दायित्व है। यह सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। मौके पर सुदेश महतो ने राज्यपाल समेत सभी अतिथियों का शॉल, मोमेंटो और गुलदस्ते से स्वागत किया।

### 500 नगाड़ों की गूंज, छऊ- पाइका नृत्य ने बांधा समां

राज्यपाल के आगमन पर 500 नगाड़ा वादकों और पाइका नृत्य से भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों कलाकारों ने एक साथ छऊ नृत्य प्रस्तुत कर लोक-संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरी। देर रात तक बॉलीवुड और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां चलती रहीं।

शहीदों, खिलाड़ियों, किसानों और समाजसेवियों का सम्मानः समारोह में पहलगाम आतंकी हमले में शहीद मनीष मिश्रा के माता-पिता, नक्सली हमलों में शहीद राहे प्रखंड के सदानंद महतो, सुरेंद्र स्वांसी, घासीराम महतो, नीलमोहन महतो और खंजन महतो के परिजन, स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के वंशज को सम्मानित किया गया।

इसके अलावा लॉन बॉल, आर्चरी, बुशु, फुटबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ियों, विधानसभा के खेल कोचों, जल संरक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त झारखंड बालिका विद्यालय, राहे, तथा मारदू गांव की सोनिया कुमारी (जिन्होंने सूझबूझ से बाघ को घर में बंद किया) को सम्मान मिला।

सेवा के ठोस कार्य- स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार

स्वास्थ्य जांच शिविर में 98 लोगों की जांच व दवा वितरण, नेत्र जांच में 75 लोगों की जांच, 20 मोतियाबिंद मरीजों का महावीर आई हॉस्पिटल, रांची में निःशुल्क ऑपरेशन, कृषि प्रदर्शनी में उत्कृष्ट किसानों का सम्मान, अनुदीप फाउंडेशन के रोजगार मेले में 80 युवाओं की पहचान और 3 को तत्काल नियुक्ति पत्र, बुशु खिलाड़ियों को खेल किट और एक एम्बुलेंस जनता को समर्पित की गई।

तीन दिन, तीन केंद्र- सेवा से संस्कृति तकः 18 दिसंबर को सिल्ली में उद्घाटन, 19 दिसंबर को राहेझजोन्हा में स्वास्थ्य व नेत्र जांच और कंबल वितरण और 20 दिसंबर को सोनाहातू में भव्य समापन। तीनों दिनों में गूंज महोत्सव ने सेवा, सम्मान और संस्कृति का समग्र संदेश दिया।

जनप्रतिनिधियों की व्यापक सहभागिताः कार्यक्रम में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पद्मश्री मधु मंसूरी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, लंबोदर महतो, डोमन सिंह मुंडा, डॉ। देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, वीणा चौधरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालय सम्मानित

संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रांची स्थित मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने की। बैठक में महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख, महाप्रबंधकगण, राजभाषा नोडल अधिकारी तथा सीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



बैठक के आरंभ में महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा राजभाषा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। तिमाही प्रगति रिपोर्ट के माध्यम से राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की स्थिति की समीक्षा की गई।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि राजभाषा हिंदी हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसका प्रभावी और सतत कार्यान्वयन न केवल संगठन की कार्यक्षमता को बढ़ाता है, बल्कि हितधारकों से संवाद को भी सशक्त बनाता है।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को राजभाषा नीति का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पत्राचार, टिप्पणियों एवं ई-ऑफिस कार्यों में हिंदी के अधिकतम प्रयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि ई-ऑफिस में उपलब्ध अनुवाद सुविधा का प्रभावी उपयोग कर टिप्पणियाँ हिंदी में आसानी से की जा सकती हैं।

बैठक के दौरान विगत तिमाही में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन, नवाचार एवं अनुकरणीय प्रयासों के लिए विभिन्न विभागों, इकाइयों एवं कार्यालयों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

राजभाषा नवाचार गौरव पुरस्कार के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार भूगर्भ, द्वितीय पुरस्कार प्रणाली, तृतीय पुरस्कार बोकारो एवं करगली को दिया गया,

इसके अतिरिक्त राजभाषा पुरोधा सम्मान के अंतर्गत 20 से कम संख्याबल वर्ग में वाशरी, 21 से 50 संख्याबल वर्ग में कर्मचारी स्थापना तथा 51 से अधिक संख्याबल वर्ग में मगध- संघमित्रा को सम्मानित किया गया। वहीं, तिमाही में सर्वोत्कृष्ट कार्यान्वयन करने वाले कार्यालयों की श्रेणी में क्षेत्र/केंद्रीय कार्यालय वर्ग में गांधीनगर अस्पताल, तकनीकी विभाग वर्ग में प्रणाली विभाग तथा अतकनीकी विभाग वर्ग में कल्याण एवं सामान्य प्रशासन विभाग को पुरस्कृत किया गया। बैठक का समापन राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन को और अधिक सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

## क्रिसमस मिलन मेला का शुभारंभ

संवाददाता

**खूंटी :** क्रिसमस त्योहार के उल्लास के बीच खूंटी में दो दिवसीय क्रिसमस मिलन मेले की शुरूआत आज खूंटी में हुई। ऑल चर्चेज यूथ कमिटी खूंटी के तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्घाटन विशप स्वामी विनय कण्डुलना की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।



कार्यक्रम में एसपी मनीष तोपो मुख्य अतिथि के रूप में जबकि तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर फादर बिशु बेंजाइमाइन आइंद, फादर अमित, पादरी जुबैर सुरीन, पादरी विल्सन बोदरा, पादरी एश्वर्ण सहित कई अन्य धर्मगुरुओं ने भी शिरकत की।

उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानव सेवा को सर्वोपरि बताया और समाज के हर वर्ग की मदद करने का संदेश दिया। मेले में खाने-पीने के विविध स्टॉल, बच्चों के लिए झूले, कलात्मक वस्त्रों सहित कई आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आने वाले दो दिनों तक मेले में खेल प्रतियोगिताएं, विभिन्न स्पधाएँ और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुभारंभ समारोह में सैकड़ों की संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया है।

## सिल्ली लैम्पस में धान खरीदी जोरों पर, भुगतान शुरू

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित लैम्पस के धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान खरीद का कार्य तेजी से चल रहा है। जहाँ अब तक 1300 टन धान की खरीदारी हो चुकी है। वहीं लैम्पस कर्मी गोपाल कोइरी एवं धनीराम महादानी ने बताया कि 15 से 17 दिसंबर तक खरीदी गई धान का भुगतान भी बुधवार को शुरू कर दिया गया है। प्रति क्विंटल 2450 रु के दर से धान की राशि किसानों के बैंक खाते में दे दिया गया है। सरकार के इस पहल से किसानों को राहत मिली है और वे अपनी उपज का सही दाम पाने की उम्मीद कर रहे है।




## शीतलहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त, क्रिसमस तक भयंकर सर्दी का अलर्ट जारी

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश के कई हिस्सों में ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लोगों का ठंड से हाल बेहाल हो गया है। सुबह और देर रात घना कोहरा छा रहा है, वहीं तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावटः मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार अगले तीन दिनों तक राज्य के 14 जिलों में कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। इनमें रांची, गुमला, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर और जामताड़ा शामिल हैं। विभाग का कहना है कि यह स्थिति



22 दिसंबर तक बनी रह सकती है। कोहरे और बादलों की वजह से दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट देखी जा रही है और कई इलाकों में शीतलहर जैसे हालात बन गए हैं। ठंड का असर जानलेवा भी साबित हो रहा है। हजारीबाग में ठंड से दो लोगों की मौत की खबर है।

9 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे : प्रदेश के पलामू सहित 9 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई है। रांची का न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री बढ़कर 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में सबसे अधिक ठंड रांची के कांके में महसूस की गई, जहां न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस

# रांची रेलवे स्टेशन पर मिला तीन माह का नवजात, शिशु की नहीं हो सकी पहचान

संवाददाता

**रांची:** आरपीएफ की तत्परता और रेल पुलिस की मानवीय संवेदनशीलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण रांची रेलवे स्टेशन पर सामने आया है। कड़ाके की ठंड में किसी ने एक तीन माह के नवजात को रांची रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया था, लेकिन आरपीएफ ने उस मासूम को बचा लिया।

ज्ञात हो रांची रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतते हुए आरपीएफ कर्मियों ने एक लावारिस पड़े नवजात शिशु को सुरक्षित बचाकर उसकी जिंदगी बचा ली। आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार ने बताया



कि आरपीएफ रांची द्वारा रेलवे परिसर में लगातार सुरक्षा और निगरानी की मुहिम चलाई जा रही है। शनिवार देर रात ड्यूटी पर तैनात एएसआई अरुण कुमार और महिला कांस्टेबल राखी कुमारी प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर रूटीन जांच और गश्त में थे।

इसी दौरान ओवरब्रिज के नीचे एक लगभग तीन माह के नवजात बालक को लावारिस हालत में देखकर चौंक गए। ठंड और असुरक्षित माहौल को देखते हुए आरपीएफ कर्मियों ने तत्काल पहल करते हुए शिशु को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। घटना की सूचना तुरंत जीआरपी रांची को दी गई और महिला कांस्टेबल राखी कुमारी ने शिशु को जीआरपी पोस्ट लाया। जहां प्रारंभिक जांच के बाद उसे सुरक्षित रखा गया। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने यात्रियों और स्थानीय लोगों से शिशु के परिजनों के बारे में काफी पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक अज्ञात व्यक्ति शिशु को ले जाते हुए देखा गया, लेकिन उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद शिशु को जीआरपी और आरपीएफ की मौजूदगी में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) रांची को सौंप दिया गया, ताकि उसकी देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# डीएसपीएमयू में तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल स्पंदन कल से

संवाददाता

**रांची :** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल स्पंदन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। तैयारियां पूरी कर ली गई है।

आयोजन को लेकर विद्यार्थियो में उत्साह देखने को मिल रहा है। यूथ फेस्टिवल स्पंदन के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सांस्कृतिक विरासत को मंच प्रदान किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। जिसमें लोकनृत्य, लोकगीत, समूह नृत्य, एकल गायन एवं नृत्य शामिल हैं। इसके साथ ही क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां भी होंगी। जो युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूती प्रदान करेगा। फेस्टिवल में कला एवं बौद्धिक कौशल को बढ़ावा भी दिया जाएगा। यूथ फेस्टिवल में होगी विभिन्न प्रतियोगिताएः यूथ फेस्टिवल में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मेहंदी डिजाइन, फोटोग्राफी सहित कई अन्य प्रतियोगिता भी आयोजित किए जाएंगे। जहां रचनात्मक और खेलकूद गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं विभागों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।




## रांची विश्वविद्यालय के कुंड़ुख विभाग में एलुमनी मीट मार्च में



रांची : रांची विश्वविद्यालय के कुंड़ुख विभाग में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागाध्यक्ष डॉ बन्दे खलखो की अध्यक्षता में सहायक शिक्षक संजय उरांव, शोधार्थी एवं विभाग के सभी छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। बैठक के दौरान कुंड़ुख भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संवर्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। वर्ष 2026 के मार्च माह के प्रथम सप्ताह में कुंड़ुख एलुमनी मीट करने का निर्णय लिया गया। इसके माध्यम से विभाग के पूर्व विद्यार्थियों को मंच प्रदान किए जाएंगे। उनके अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों से जोड़ा जाएगा। अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को मजबूत किए जाएगा। साथ ही, कुंड़ुख भाषा के विकास, शोध एवं रोजगार की संभावनाओं पर भी मंथन किया जाएगा।

# संत पॉल्स कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस मिलन समारोह

संवाददाता

रांची : शनिवार को संत पॉल्स कॉलेज परिवार की ओर से धूमधाम के साथ क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने क्रिसमस कैरोल और नृत्य के माध्यम से प्रेम, खुशी और मानवता का संदेश एक-दूसरे के साथ साझा किया।

कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के सचिव रेव्ह पीटर बारला के ओपनिंग प्रेयर और दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि, छोटानागपुर डायसिस के सचिव रेव्ह अमृत मसीह चरण मुंडू ने अपने संदेश में यीशु के जन्म को मनुष्य और ईश्वर के बीच के संबंध के रूप में बताया और इसे मानवता को जोड़ने वाला महान कार्य करार दिया।

वहीं, रेव्ह बसंत हेमरोम ने छात्रों को आह्वान किया कि वे




जीवन की कठिनाइयों में अपने सृष्टिकर्ता को स्मरण रखें, क्योंकि ईश्वर साधारण लोगों के माध्यम से अपने कार्यों को पूर्ण करता है। कार्यक्रम में रेव्ह निर्मल समद, रेव्ह डेविड सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। गीत, नृत्य और संगीत प्रतियोगिताएं कार्यक्रम में नेटिविटी प्ले, क्रिसमस कैरोल, क्रिसमस नृत्य और क्रिसमस ट्री सजावट जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# ऑपरेशन डिग्निटी के तहत आरपीएफ ने किया सराहनीय कार्य



मेट्रो रेज

**रांची:** कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार आरपीएफ द्वारा ड्यूटी के प्रति सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में 19 दिसंबर को लगभग 13:00 बजे नियमित चेकिंग के दौरान आरपीएफ पोस्ट/आरएनसी के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्लेटफार्म संख्या 02 पर एक मानसिक रूप से अस्वस्थ पुरुष को घूमते हुए देखा। तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित रूप से अभिरक्षा में लेकर आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया। पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने अपना नाम जयराम पासवान, उम्र लगभग 55 वर्ष, निवासी ग्राम धमनी, थाना हसपुरा, जिला औरंगाबाद (बिहार) बताया। तत्पश्चात उसके परिजनों से संपर्क कर उन्हें सूचित किया गया। 20 दिसंबर को उनके पुत्र छोटू कुमार आरपीएफ पोस्ट रांची पहुंचे। सभी आवश्यक औपचारिकताओं का पालन करते हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को सुरक्षित रूप से उनके पुत्र के सुपुर्द किया गया।

उक्त सराहनीय कार्य में अधिकारी एवं कर्मचारियों की भूमिका प्रशंसनीय रही ।

## युवाओं के एआई इनोवेशन से स्वास्थ्य और स्वच्छता को नई दिशा

रांची :स्वास्थ्य, स्वच्छता और वेलबीइंग से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए सैमसंग की पहल सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के तहत युवाओं द्वारा आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचार सामने आए हैं। इन समाधानों में बीमारियों की शुरूआती पहचान, दिव्यांगजनों की सहायता, सुनने में अक्षम लोगों के लिए संचार तकनीक और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े एआई टूल्स शामिल हैं। इन इनोवेशन्स का फोकस तकनीक को मानवीय जरूरतों से जोड़ने पर रहा है, ताकि समाधान किफायती होने के साथ–साथ आम लोगों के लिए उपयोगी बन सकें। एआई का इस्तेमाल रोकथाम, समय पर पहचान और जीवन की गुणवत्ता बेहतर करने की दिशा में किया गया है` कंपनी ने कहा कि युवाओं के ये प्रयास दिखाते हैं कि ज़िम्मेदार तकनीकी सोच के जरिये सामाजिक बदलाव को गति दी जा सकती है और भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक समावेशी बनाया जा सकता है।

# भारतीय जनता मजदूर संघ की झारखंड कमेटी का किया गया विस्तार

मेट्रो रेज

**रांची:** भारतीय जनता मजदूर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को हरमू स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी एवं मंच संचालन प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह ने की। उक्त महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाजाटव के निदेर्शानुसार प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह की सक्रिय प्रयास से झारखंड में (बीजेएमएस) संगठन का किया गया विस्तार।

जिसमें संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, प्रदेश मंत्री सह चतरा, पलामू एवं लातेहार जिले के प्रभारी सुमन कुमार सिंह, रांची



जिला अध्यक्ष राणा संजीव सिंह उर्फ राणा सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, विक्रम सिंह, मंत्री सुमित पाठक, महिला विंग उपाध्यक्ष रेणु दुबे, ममता चौहान, पलामू जिला उपाध्यक्ष सचित कुमार सिंह को बनाया गया है। यह नियुक्ति उनके मजदूर संघ के प्रति सक्रियता, लग्नशीलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं ऊर्जा को देखते हुए प्रदान की गई है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय, संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह, महिला प्रदेश अध्यक्ष रेणुका सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि चूंकि यह नियुक्त किए गए पदाधिकारी होनहार, प्रगतिशील, प्रभावशाली और व्यक्तित्व के धनी हैं। ऐसे में संघ (बीजेएमएस) उम्मीद करती है की ये नवनियुक्त पदाधिकारीयों संघ के साथ मिलकर निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शोषित और वंचित मजदूर भाइयों के प्रति इनका अटूट समर्पण और निस्वार्थ प्रेम ही आज इन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी के रूप में फलीभूत किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके संगठन में जुड़ने से श्रमिक वर्ग के अधिकारों को नई शक्ति मिलेगी। अपने नियुक्ति पर नवनियुक्त पदाधिकारीयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव, राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह, प्रदेश सचिव रमेश मिश्रा, महिला प्रदेश अध्यक्ष रेणुका सिंह, सचिव सुनीता चौधरी, नीलम कुमारी एवं केंद्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है और कहा कि संघ ने जिस आशा, विश्वास एवं उम्मीद के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है उस पर हम खरा करने की कोशिश करेंगे, तथा हम अपने दायित्वों का निर्वहन करने की भरपूर प्रयास करेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में शशि सिंह, टिंकू महतो, अनिल सिंह, राजेश रंजन उर्फ मुन्ना, अनुभव पासवान, ओम प्रकाश शर्मा, पंचानन एक्का, हिमांशु राज, रवि कुमार राय, यश सिंह परमार सहित कई लोग शामिल हैं।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची।
## सर्वसाधारण के लिए सूचना।



**नाम–बिशणु बडाईक, उम्र–22 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–05 फीट, 04 ईंच**
**पहनावा–काला रंग का शर्ट एवं काला रंग का पैंट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति विश्णु बड़ाईक, उम्र–22 वर्श, पिता–बुधवा बडाईक, सा0–बालालौंग, थाना–नगड़ी, जिला–रॉंची जो दिनांक–06.12.2025 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में नगड़ी थाना सन्हा सं0–19/2025, दिनांक–15.12.2025 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, द्वितीय, रॉंची। – 9431706142
थाना प्रभारी नगड़ी, रॉंची। – 9431706176

**वरीय पुलिस अधीक्षक,**
**रॉंची।**

PR 369107 Police(25-26)D


# अगले एक महीने में जिला को नक्सल मुक्त बनाया जाएगा: एसपी

संवाददाता

लोहरदगाः लोहरदगा पुलिस ने नक्सलियों और अपराधियों को अगले एक महीने में पकड़ कर लोहरदगा जिला को नक्सलवाद मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। मामले को लेकर एसपी ने कहा है कि अगले एक महीने में जो भी नक्सली, उग्रवादी के छोटे ग्रुप बचे हुए हैं, उन्हें खत्म कर दिया जाएगा। लोहरदगा पुलिस ने अपराधियों और नक्सलियों को डेडलाइन दे दिया है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने साफ तौर पर कहा है कि अगले एक महीने में जो भी बचे हुए नक्सली और अपराधी हैं, उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। हालांकि लोहरदगा एसपी ने नक्सली को आत्मसमर्पण के लिए भी आगे आने की बात कही है। साथ ही यह भी कहा कि अगले एक महीने में



आत्मसमर्पण नहीं किया तो फिर पुलिस उन्हें पकड़कर जेल भेज देगी। इसके साथ ही लोहरदगा जिला पूरी तरह से नक्सली मुक्त हो जाएगा।

नक्सल विरोधी अभियान के दौरान लोहरदगा पुलिस को कई बड़ी सफलताएं मिली हैं। भाकपा माओवादी, जेजेएमपी और पीएलएफआई के नक्सली और अपराधी पकड़े गए हैं। विगत 17 अक्टूबर 2025 को पुलिस ने चार अपराधियों को धर दबोचा था। उनके पास से हथियार भी बरामद किया गया था। इसी तरह से 20 अक्टूबर 2025 को भी पुलिस ने एक अपराधी जसीम पवारिया को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था।जिला पुलिस को 26 नवंबर 2025 को भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू के दस्ता सदस्य राजा हेमंत असुर उर्फ राजन असेुर को पकड़ने में सफलता मिली थी। वहीं 6 दिसंबर 2025 को पुलिस ने जेजेएमपी संगठन के दो समर्थकों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। साल 2025 में कई बड़े नक्सली, उग्रवादी और अपराधी लोहरदगा में पकड़े गए हैं। पुलिस लगातार नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है।लोहरदगा जिला में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 15 लाख के इनामी दुर्दांत नक्सली रविंद्र गंझू के अलावे जेजेएमपी और दूसरे छोटे आपराधिक ग्रुप के कुछ सदस्य बचे हुए हैं। उनकी धरपकड़ को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। अब लोहरदगा पुलिस ने एक समय सीमा तय करते हुए लोहरदगा जिला को पूरी तरह से नक्सल मुक्त बनाने की बात कही है।


## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई- अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/30/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **RDSPL/SD/HZB/30//2025-26** | कटकमसांडी | कटकमसांडी प्रखण्ड अंतर्गत मध्य विद्यालय मारीगढ़ा का उन्नयन कार्य। | 8684800.00 | 173700.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.12.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.12.2025 से दिनांक 03.01.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –05.01.2026 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 369103 Rural Development (25-26)_D



# आकर्षण का केंद्र है कैलिफोर्निया के फोर्ट ब्रैग का ग्लास बीच

समुद्र तट या बीच हमारी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यहां हमें कई चीजें दिखाई दे सकती हैं, लेकिन टूटे हुए कांच के समूह का यहां मौजूद होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। दुनिया में कई अजीबो-गरीब बीचेस (समुद्री किनारा) हैं, जो अपनी बनावटी संरचना के कारण टूरिस्ट का ध्यान खींचते हैं। कैलिफोर्निया के फोर्टब्रैग में भी एक ऐसी ही बीच है, जिसे ग्लास बीच के नाम से जाना जाता है। प्रकृति अपने चमत्कार से कई अजीबो-गरीब संरचनाएं बनाती है, लेकिन इस बीच को प्रकृति ने नहीं बनाया है।

कैलिफोर्निया के फोर्ट ब्रैग में ग्लास बीच लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है, जिसके समुद्र तट में पॉलिश किए गए कांच के चमकदार छोटे टुकड़े पाए जाते हैं। मैककैरिशर नाम से पॉपुलर रहे इस बीच की कहानी काफी दिलचस्प है। 20वीं सदी में फोर्ट ब्रैग के निवासियों ने घरेलू कचरा पहाड़ियों से नीचे फेंकना शुरू किया। न सिर्फ कांच के टुकड़े, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंस और पुरानी गाड़ियों के पार्ट्स भी फेंके जाने लगे। कैलिफोर्निया स्टेट वाटर बोर्ड ने क्षेत्र को बंद किया और सालों इसकी सफाई की। पानी से कचरा तो निकल गया, लेकिन कांच के टुकड़े रह गए। बाद में एक प्राइवेट कंपनी ने ग्लास बीच को मॅककैरिशर स्टेट पार्क के हिस्से में शामिल कर लिया। बता दें कि इस बीच पर करोड़ों की संख्या में रंग-बिरंगे कई आकार के कांच के टुकड़े फैले हुए हैं। यह समुद्र तट अब कानून द्वारा संरक्षित है, और यहां मौजूद प्रतिष्ठित कांच को आगंतुकों द्वारा हटाया नहीं जा सकता है। दुनिया भर के अन्य स्थानों में भी समुद्री कांच की उच्च सांद्रता है, जिसके लिए उन लोगों को धन्यवाद देना चाहिए, जिन्होंने कांच इन स्थानों में फेंका है। साइबेरिया में उससुरी खाड़ी कांच बनाने वाली फैक्ट्रियों का केंद्र है, जो कांच अपशिष्ट को समुद्र में फेंक देते हैं। यहां अब समुद्र तट पत्थरों और समुद्री कांच का एक रंगीन मिश्रण बन गया है।



# कोलकाता में है 250 साल पुराना दुनिया का सबसे विशालकाय बरगद का पेड़

**दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ भारत में स्थित है। यह बरगद का पेड़ 250 साल पुराना है जो कि कोलकाता के द आचार्य जगदीश चंद्र बोस बॉटनिकल गार्डन में है। यह दुनिया के सबसे विशालकाय बरगद के पेड़ के रूप में वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। इस पेड़ को 1787 में लगाया गया था। पेड़ की जड़ों और बड़ी-बड़ी शाखाओं को देखकर लगता है जैसे आप किसी जंगल में पहुंच गए हैं। लेकिन वास्तव में यह बस एक पेड़ ही है। इस पेड़ पर 80 से ज्यादा प्रजातियों के पक्षी निवास करते हैं। सबसे चौड़ा पेड़ होने का खिताब भी इसे ही मिला है।**

दुनियाभर में पेड़-पौधों की अनेकों प्रजातियां हैं. सभी में अलग-अलग गुण होते हैं. कोई बहुत छोटा होता है तो कोई बहुत ऊंचा, किसी को सहारे की जरूरत होती है तो कोई बहुत मजबूत होता है. आज तक आपने लंबे और छोटे पेड़ तो बहुत देखे होंगे, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे पेड़ के बारे में बताने जा रहे हैं जो दुनिया में सबसे चौड़ा है. इसके नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है. इसकी चौड़ाई जानकर हर कोई हैरान हो जाता है. खास बात यह है कि ये पेड़ कहीं और नहीं, बल्कि अपने देश में ही है.

## 250 साल पुराना है पेड़

कोलकाता द आचार्य जगदीश चंद्र बोस बॉटनिकल गार्डन में एक करीब 250 साल पुराना बरगद का पेड़ है. सन् 1787 में इस पेड़ को यहां स्थापित गया था. तब इसकी उम्र तकरीबन 20 साल थी. आज इसे दुनिया का सबसे विशालकाय बरगद के पेड़ के रूप में जाना जाता है. इस पेड़ की इतनी जड़ें और बड़ी-बड़ी शाखाएं हैं कि हर किसी को देखने में ऐसा लगता है जैसे वह किसी जंगल में आ गया हो. इसे देखकर ऐसा नहीं लगता है कि ये सिर्फ एक पेड़ है.

## पेड़ पर रहती हैं पक्षियों की 80 से ज्यादा प्रजातियां

यह पेड़ लगभग 14,500 वर्ग मीटर में फैला है और तकरीब 24 मीटर ऊंचा है. इस विशालकाय पेड़ की 3 हजार से अधिक जटाएं हैं, जिनमें से ज्यादातर जड़ों में बदल चुकी हैं. इस वजह से भी इसे दुनिया का सबसे चौड़ा पेड़ या वॉकिंग ट्री भी कहा जाता है. आपको यह जानकार हैरानी होगी कि इस पेड़ पर पक्षियों की 80 से ज्यादा प्रजातियां रहती हैं.

## तूफान से हुई थी जड़ें बीमार

कोलकाता में आए साल 1884 और 1925 के चक्रवाती तूफानों ने इस बरगद के पेड़ को काफी नुकसान पहुंचाया था. तब इसकी कुछ शाखाओं में फंफूदी लग गई थी, जिस वजह से उन्हें काटना पड़ा था. आज के समय में बोटेनिकल गार्डन में यही एक बड़ा पेड़ है, हालांकि दुनियाभर से लाए गए सैकड़ों विदेशी पौधों की प्रजातियां भी इस पार्क में दिख जाएंगी.

### टीम करती है पेड़ की देखरेख

भारत सरकार ने इस बड़े से बरगद के सम्मान में साल 1987 में डाक टिकट भी जारी किया था. इसे बोटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया का प्रतीक चिन्ह भी माना जाता है. पेड़ की देखरेख के लिए एक 13 लोगों की टीम है, जिसमें बॉटनिस्ट से लेकर माली तक हर कोई शामिल है. ये देखने के लिए कि पेड़ को किसी भी तरह का नुकसान तो नहीं पहुंच रहा, इसकी समय-समय पर जांच भी की जाती है.

# तूफान आए शाखाएं काटी गईं फिर बनाया रिकॉर्ड

वर्ल्ड रिकॉर्ड सिर्फ इंसान ही नहीं पेड़ भी बनाते हैं। 250 साल पुराना दुनिया का सबसे विशालकाय बरगद का पेड़ इसका उदाहरण है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल इस पेड़ को द ग्रेट बनियन ट्री के नाम से भी जाना जाता है। 1787 में जब इसे कोलकाता द आचार्य जगदीश चंद्र बोस बॉटनिकल गार्डेन में बोटेनिकल गार्डेन में स्थापित किया गया, उस समय इसकी उम्र करीब 20 साल थी। जानते इसके इसकी पूरी कहानी....

- दुनिया का सबसे चौड़ा पेड़ 14,500 वर्ग मीटर में फैला है। दूर से देखने पर यह जंगल की तरह नज़र आता है। बरगद के पेड़ की शाखाओं से निकलने वाली जटाएं पानी की तलाश में जमीन में नीचे की ओर बढ़ती गईं और इस तरह यह जंगल में तब्दील होता गया।
- इस बरगद की 3,372 से अधिक जटाएं जड़ का रूप ले चुकी हैं। 1884 और 1925 में आए चक्रवाती तूफानों ने इसे काफी नुकसान पहुंचाया था। इस दौरान कई शाखाओं में फफूंद लगने के कारण काट दी गई थीं। इसके बाद भी सबसे विशालकाय वृक्ष का रिकॉर्ड इसके नाम है।
- जंगल जैसा स्वरूप होने के कारण यहां 87 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। जो पर्यटकों को खुशनुमा अहसास कराती हैं। इसकी सबसे ऊंची शाखा 24 मी. लंबी है। वर्तमान में जमीन तक पहुंचने वाली स्तंभ जड़ों की कुल संख्या 3,772 है।
- इसकी विशालता कारण गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इसका नाम दर्ज है। इस विशाल बरगद के सम्मान में भारत सरकार ने साल 1987 में डाक टिकट जारी किया था और यह बरगद बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया का प्रतीक चिन्ह भी है।
- इसे वॉकिंग ट्री भी कहते हैं। इस गार्डेन के केयर टेकर और सीनियर बॉटेनिस्ट एमयू शरीफ के मुताबिक जिधर पॉल्यूशन अधिक होता है उधर इसकी ग्रोथ नहीं होती है। यह पूर्व की ओर बढ़ रहा है। सुबह-सुबह सूर्य की ओर से आने वाली किरणों की तरफ इसकी ग्रोथ अधिक देखी गई है।
- एमयू शरीफ के अनुसार 1985 में इसे चारों ओर फेंसिंग की गई थी। कुछ सालों बाद इसकी ग्रोथ के डायरेक्शन के बारे में पता चला जब इसकी शाखाएं पूर्व की ओर अधिक फैलीं।
- सीनियर बॉटेनिस्ट बसंत सिंह के अनुसार इसकी देखभाल के लिए करीब 13 ट्रेंड लोगों को नियुक्त किया गया है। जिसमें चार सीनियर बॉटेनिस्ट और अन्य ट्रेंड माली हैं।
- एमयू शरीफ के मुताबिक पूरी टीम के लिए बड़ा चैलेंज है इसे संभालना क्योंकि इसकी शाखाएं नीचे की ओर बढ़ रही हैं। इसकी ग्रोथ एक ओर अधिक हो रही है ऐसे में इसे बैलेंस सीधा रखना बड़ी चुनौती है।







# इस गुफा की चट्टानों के आकार करते हैं हैरान

आम तौर पर गुफाएं गोल आकार की होती हैं और उनमें गोल चट्टानें होती हैं, लेकिन फिंगल की गुफा स्कॉटलैंड के इनर हेब्राइड्स के निर्जन अटलांटिक द्वीप पर कुछ अलग ही है. इन एक समान चौकोर गुफाओं में वैज्ञानिकों को छोड़कर, लोग नहीं जाते हैं. फिर भी इसकी तस्वीरें लोग खूब पसंद करते हैं.


फिंगल की गुफा स्टाफा स्कॉटलैंड के हेब्राइड्स के एक निर्जन अटलांटिक द्वीप में पाई जाती है. यह समुद्र के ऊपर 69 मीटर ऊंची एक बड़ी सी गुफा है, जिसमें एक बड़ा प्रवेश द्वार है. इसकी ज्यामिति देखकर लगता है कि यह किसी धुनिक कला संग्रहालय में प्रदर्शित कोई बेहतरीन कृति है. खास बात इसकी चट्टानें या पत्थरों के आकार हैं जो एक खास ज्यामिती समरूपता की मिसाल कायम करते हैं. फिर भी इन गुफाओं को देखने टूरिस्ट नहीं आते हैं.

फिंगल की गुफा में जाने पर आपको कई पक्षी प्रजातियां देखने को मिल सकती हैं, जो स्टाफ़ा के आगंतुकों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं. वे आम तौर पर अप्रैल के पहले कुछ दिनों के दौरान आते हैं और मई, जून और जुलाई तक रहते हैं, जिस दौरान वे जोड़े बनाते हैं और बच्चों का पालन-पोषण करते हैं. स्कॉटलैंड के संरक्षण संगठन नेशनल ट्रस्ट फॉर स्कॉटलैंड के पास राष्ट्रीय प्रकृति रिजर्व के हिस्से के रूप में यह गुफा है.

फिंगल की गुफा ज्वालामुखी के कारण बने बेसाल्ट स्तंभों से बनी है, जो बड़े पैमाने पर षट्कोणीय प्रिज्म हैं. ये स्तंभ पैलियोसीन लावा प्रवाह हैं. ठोस लावा की ऊपरी और निचली सतहों पर ठंडा हुआ, जिसके कारण संकुचन और फैक्चरिंग हुई. यह एक ब्लॉकी टेट्रागोनल पैटर्न में शुरू हुआ और ठंडी सतहों के सीधे फैक्चर के साथ एक नियमित षट्कोणीय फैक्चर पैटर्न में बदल गया. ये दरारें धीरे-धीरे प्रवाह के केंद्र की ओर बढ़ती गईं, जिससे लंबे षट्कोणीय स्तंभ बन गए, जिन्हें हम आज लहरों से क्षतिग्रस्त क्रॉस-सेक्शन में देखते हैं.

फिंगल की गुफा में मेहराब के आकार की छत और खुला मुंह है, जो पानी के कारण समुद्री ज्वार के कटाव से बना है. रोचक बात यह है कि इस गुफा में पानी पाया जा सकता है. गुफा की मेहराबदार छत इसकी खास प्राकृतिक आवाज को बढ़ाती है जो इसके भीतर उठती समुद्री लहरों की ध्वनि से खासा तालमेल बनाती लगती है. फिंगल की गुफा का नाम एक वीर पात्र, फिंगल के नाम पर रखा गया था, जो 1700 के दशक में स्कॉटिश कवि और इतिहासकार जेम्स मैकफर्सन की एक अनुवादित कविता में था. कविता का पात्र फिओन मैक कमहेल फिन मैककूल नामक एक विशालकाय व्यक्ति के आयरिश मिथक का संदर्भ था. मैकफर्सन कविताओं की लोकप्रियता के दौर में ही प्रकृतिवादी सर जोसेफ बैंक्स ने 1772 में इस गुफा का दौरा किया और तभी इसे फिंगल की गुफा नाम भी मिला.

आपको जानकर हैरानी होगी कि फ़िंगल की गुफा का उल्लेख या चित्रण कई कला और साहित्यिक कृतियों में किया गया है. कवि विलियम वर्ड्सवर्थ, जॉन कीट्स और अल्फ्रेड, लॉर्ड टेनिसन सहित अन्य पर्यटकों ने अपनी कविताओं में इसका उल्लेख किया है. नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग ने भी अपने नाटक, ए ड्रीम प्ले के दृश्यों को फ़िंगल ग्रोटो नामक स्थान पर सेट किया था. पिंक फ़्लॉइड ने इस साइट के बारे में कई गाने लिखे. ये सच है कि आज फिंगल की गुफा में टूरिस्ट नहीं आते हैं, पर कभी यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा करती थी. गुफा तक नाव से या द्वीप पर एक बार पैदल भी पहुंचा जा सकता है, लेकिन गुफा नावों के प्रवेश के लिए उपयुक्त नहीं है. तट से गुफा तक की दूरी लगभग 1 किलोमीटर लंबी है. आप प्रवेश द्वार तक पैदल जा सकते हैं, लेकिन आप गुफा में नहीं जा सकते.



# सीवा ओएसिस, इसमें चाह कर भी नहीं डूब सकता तैरने वाला!

प्रकृति अपनी सुंदरता से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देती है. अलग-अलग मौसम और तापमान के कारण दुनियाभर में प्रकृति के भी अलग-अलग रूप देखने को मिलते हैं. यहां कहीं पहाड़ है तो कहीं मैदान, कहीं कल-कल बहती नदी तो कहीं सूखे रेगिस्तान. दुनियाभर में जाने कितनी देखी-अनदेखी खूबसूरत जगहें हैं जहां एक बार जाने के बाद वहां से वापस आने का मन नहीं करता. उनमें से कुछ जगहें ऐसी भी हैं जिनकी खासियत जानकर आम इंसान तो क्या बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी हैरान रह जाते हैं. ऐसी ही एक मनमोहक जगह है मिस्त्र की सीवा झील. इस झील की खासियत ये है कि यहां कोई डूबता नहीं है.

दुनिया में कई ऐसी अनोखी चीजें हैं जिसके बारे में लोगों को कम जानकारी होती है, इस वजह से लोग उसे जादू से जोड़कर देखने लगते हैं.

कहीं रंगीन पहाड़ नजर आते हैं तो कहीं कोई अजीबोगरीब जीव, उन सब को विचित्र मानकर जादू या फिर एलियन समझ लिया जाता है. पर सच तो प्रकृति में छुपा है. प्रकृति ने ही उन्हें इतना अनोखा बनाया है कि वो जादू जैसे लगते हैं. दुनिया में एक तालाब है, जिसके बारे में सुनकर आपको भी ऐसे ही विचार आएंगे. इस तालाब में चाह कर भी कोई नहीं डूब सकता. जो भी इसमें तैरता है, वो सिर्फ पानी के ऊपर फ्लोट करता रहता है. इसकी तुलना डेड सी से भी होती है, जो ऐसी ही जगह है जहां कोई डूब नहीं सकता.

## इस तालाब में काफी ज्यादा है नमक की मात्रा

मिस्त्र के पश्चिमी रेगिस्तान में सीवा ओएसिस मौजूद है जो प्राकृतिक स्प्रिंग है. ये जगह कायरो से 500 कीलोमीटर दूर है. अगर आपको तैरना नहीं आता, तो भी आप आसानी से इसमें जाकर तैर सकते हैं और आपको डूबने का डर भी नहीं सताएगा. वायरल वीडियो में भी आप देख सकते हैं कि कैसे एक व्यक्ति पानी के ऊपर तैरता दिख रहा है. ऐसा लग रहा है जैसे वो किसी बिस्तर पर लेटा है. वो अंदर डूब ही नहीं रहा है. चलिए आपको बताते हैं कि इसके पीछे कारण क्या है. दरअसल, इस पानी में नमक की मात्रा 95 फीसदी है. इस वजह से पानी का घनत्व काफी ज्यादा बढ़ जाता है. घनत्व जितना ज्यादा होगा, पानी में डूबना उतना मुश्किल होगा. सीवा ओएसिस में नमक बहुत ज्यादा है क्योंकि बारिश की वजह से आसपास के पहाड़ों का पानी भी इसमें बहकर आता है, जिसके कारण इसमें नमक मिल जाता है.

मिस्त्र में सीवा ओएसिस पश्चिमी रेगिस्तान में स्थित है. ज्यादातर टूरिस्ट्स गर्म झरनों, सुंदर सीनरी और खूबसूरत रेगिस्तान देखने के लिए यहां आते हैं. यह एक ऐसी जगह है जहां आप नमक की झीलों के खूबसूरत दृश्यों का आनंद लेते हुए ताड़ के पेड़ों के बीच टहल सकते हैं. क्रिस्टल नीले रंग के कारण इन झीलों के पास से गुजरते हुए, ऐसा लगता है कि ये समुद्र तट है. हालांकि, वास्तव में ये झीलें हैं. सीवा लेक के पानी में बड़ी मात्रा में नमक पाए जाने के कारण, वे आंखों और त्वचा के लिए मेडिकल ट्रीटमेंट का काम करते हैं. जिस कारण इसे 'हीलिंग लेक' भी कहते हैं. बता दें कि दुनिया में ऐसी एक नदी भी है, जिसमें कुछ भी नहीं डूबता. डेड सी के नाम से मशहूर नदी जो इजरायल में है, उसमें भी नमक की मात्रा ज्यादा होने की वजह से चीजें नहीं डूबती ना ही कोई इंसान डूबता है.



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# उपायुक्त ने पहाड़िया कल्याण अस्पताल केंदुआ पतना का दौरा



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती द्वारा जिले के विभिन्न शैक्षणिक स्वास्थ्य व कल्याण संस्थानों का व्यापक निरीक्षण हुआ। इस क्रम में रा० अनु० ज० जा० आ० उच्च विद्यालय में प्रस्तावित 100 बेड के आवासीय छात्रावास एवं 6 अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण कार्य हेतु स्थल निरीक्षण किया गया।इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा रा० अनु० ज० जा० आ० उच्च विद्यालय, बंदरकोल में निमार्णाधीन विद्यालय भवन का जायजा लेते हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने अनु० ज० जा० आ० उच्च विद्यालय चांदवासी में 6 अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण एवं आवासीय छात्रावास के मरम्मती कार्य कराने का निर्देश दिया। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर, तेलों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके अलावा उपायुक्त द्वारा रा० अनु० ज० जा० आ० बालिका उच्च विद्यालय, बरहेट का भी निरीक्षण करते हुए पहाड़िया कल्याण अस्पताल, केंदुआ पतना का दौरा कर नए अस्पताल भवन निर्माण के प्रस्ताव को लेकर स्थल निरीक्षण किया और अपने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए निरीक्षण क्रम में उपायुक्त द्वारा वन विभाग द्वारा हाल के दिनों में रेस्क्यू किए गए भालू व बड़ी संख्या में पकड़े गए कछुओं का भी अवलोकन किया जबकि वन्यजीव संरक्षण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।इस अवसर पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए संजय कुमार दास एवं कार्यपालक अभियंता देवीलाल हांसदा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# यातायात थाना में पदस्थापित सअनि जूलियस मरांडी का निधन



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** हजारीबाग जिला के यातायात थाना में पदस्थापित सअनि जूलियस मरांडी का निधन सोते हुए हो गई।वे साहिबगंज जिला के मंडरो प्रखंड अंतर्गत बच्चा गांव के निवासी थे।मिली जानकारी अनुसार वे लंबित कांडों का प्रभार सौंपने गुरुवार को बरकट्ठा थाना गए थे।रात को खाना खाने के बाद वे अपने बैरक में सोने चले गए।शुक्रवार की सुबह जब वे नहीं जागे तो थाना के पदाधिकारी उन्हें देखने बैरक पहुंचे।वहां जूलियस अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। जिन्हें तत्काल बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक के जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।पोस्टमार्टम के बाद उनका शव सम्मान पूर्वक उनके पैतृक गांव साहिबगंज भेज दिया गया।इससे पूर्व गोड्डा पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में शुक्रवार को गोड्डा के नए पुलिस लाइन मैदान में अंतिम सलामी दी गई।कयास लगाया जा रहा है कि निधन ठंड लगने से उनकी मौत हुई होगी।इधर शनिवार को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### थाना दिवस पर भूमि विवाद से जुड़े 13 मामलों का हुआ निष्पादन

**साहिबगंज :** शहर के जिरवाबाड़ी व मुफस्सिल थाना परिसर में थाना दिवस पर भूमि विवाद से जुड़े कुल 13 मामलों का निष्पादन किया गया।सदर सीओ बासुकीनाथ टूडू व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में जिरवाबाड़ी में 10 व मुफस्सिल थाना में 03 सहित कुल 13 मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं इस दौरान जमीन से जुड़े कागजातों की जांच की गई हैं ।इसके आधार पर आपसी सहमति से भूमि विवाद के निपटारे किये गए।इस दौरान जमीन विवाद के कुल 13 मामलों का ऑन द स्पॉट फैसला किया गया।वहीं अन्य मामलों में अगली तारीख दे दी गई।थाना क्षेत्र के कई लोग अपनी-अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। कई मामलों में पर्याप्त साक्ष्य नहीं रहने के कारण मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित किया गया।

### सभी कछूओं को वन कार्यालय तालझारी में रखा गया है सुरक्षित



**साहिबगंज/तालझारी :** बरहरवा स्टेशन पर एक ट्रेन से बरामद कछुओं का शनिवार को वन विभाग में मेडिकल कराया। सभी कछूओं को वन कार्यालय तालझारी में सुरक्षित रखा गया है।उपायुक्त और डीएफओ ने कछुओं का जायजा लिया।रेंजर पंचम दुबे ने बताया कि कुल 622 कछुआ है।सभी कछुओं का पशु चिकित्सक से बुलाकर जांच कराया गया हैं।कछुओं को रविवार से ही उधवा झील से लेकर साहिबगंज के गंगा में छोड़ दिया जाएगा।पशु चिकित्सालय केंद्र उधवा डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह व पशु चिकित्सा केंद्र तालझारी डॉ उमेश कुमार ने दो छोटे कछूओं और एक बड़े 40 किलो के कछुए को जरूरी दवाएं दी।मौके पर वन रक्षी पप्पू कुमार यादव,सनी रजक,राजेश टुडू सहित अन्य वन्य कर्मी उपस्थित थे।वहीं इस मामले में गिरफ्तार दो महिला और एक पुरूष को वन अधिनियम के तहत जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही थी।

### यातायात डीएसपी ने ऑटो एवं टोटो के यूनियन के सदस्यों के साथ की बैठक



**देवघर :** जिले के जिला परिवहन कार्यालय में शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), देवघर लक्ष्मण प्रसाद की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्र में प्रचालित हो रहे ऑटो एवं टोटो के चालक के लिए वर्दी का निर्धारण के संबंध में ऑटो एवं टोटो के यूनियन के सदस्य के साथ एक बैठक आहूत की गई। बैठक में यह बताया गया कि ऑटो चालक के लिए खाकी वर्दी एवं टोटो चालक के लिए नीला वर्दी में वाहन चलाना निश्चित है, जिसे अनुपालन करना सभी ऑटो एवं टोटो चालक के लिए अनिवार्य है। साथ ही नववर्ष में यदि ड्रेस कोड नियम का अनुपालन नहीं करने वाले चालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, इसके अलावे ऑटो एवं टोटो चालक आगे ड्राइवर सीट में किसी भी प्रकार के सवारी को साथ में नहीं बैठाएंगे एवं ऑटो एवं टोटो का निबंध, परमिट, इंश्योरेंस के अलावे ड्राइविंग लाइसेंस का भी अनिवार्य रूप से जांच की जाएगी तथा ऑटो एवं टोटो अपने निर्धारित रूट में वाहन का परिचालन करेंगे नियम के उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में यातायात प्रभारी, देवघर संजय कुमार, मोटरयान निरीक्षक, देवघर अमित कुमार झा, सुभाष तिग्गा, प्रथम कुमार रजवार,जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन, शिव कुमार राय,एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के लिए तैयार की गई रूपरेखा

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर अंचल के दुबियाखाड़ में 11 एवं 12 फरवरी को लगाए जाने वाले राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति 2026 में भी बड़े पैमाने पर किया जाएगा। उपायुक्त समीरा एस ने शनिवार को पलामू समाहरणालय में बैठक कर मेले के सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की। मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने आदि का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने मेले में आने वाले भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रण करने को लेकर योजना बनाने की बात कही।

सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और मेदिनीनगर सदर अंचल के सीओ व संबंधित पदाधिकारी को इस विषय पर प्लान बनाने की बात कही। उन्होंने मेला समिति के प्रतिनिधियों को आवश्यकतानुसार वॉलिंटियर्स की नियुक्ति करने की बात कही। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर पर्याप्त संख्या में मेले में रखने पर बल दिया। उपायुक्त ने मेदिनीनगर नगर आयुक्त को आयोजन स्थल पर समुचित सफाई रखने और मोबाइल टॉयलेट रखने पर बल दिया। रंग-रोगन व सुंदरीकरण पर भी चर्चा की गयी। यातायात व्यवस्था एवं चिकित्सा व्यवस्था के लिए अलग से योजना बनाकर कार्य करने की बात कही। बैठक में मेला के प्रतिनिधियों ने डीसी से जमीन की रसीद ऑनलाइन कटवाने की समस्या को रेखांकित करते हुए मेले में राजस्व का स्टॉल लगाने के लिए अनुरोध किया। उपायुक्त ने इस निमिति सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राजस्व के साथ ही विभिन्न योजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाकर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। बैठक में उप-विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला खेल पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक रतन सिंह, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एनडीसी, सदर सीओ, मेला समिति के अध्यक्ष, सचिव समेत विभिन्न पदाधिकारी व आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# एथलेटिक्स अंडर 17 खिलाड़ी एमानुएल किस्कू का साहिबगंज लौटने पर हुआ स्वागत

## साहिबगंज में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु हैं एमानुएल किस्कू



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 13 से 17 दिसंबर 2025 तक गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता अंडर 17आयु वर्ग में खेल विभाग द्वारा सिदो कान्हु स्टेडियम साहीबगंज में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के ट्रेनी एथलीट एमानुएल किस्कू ने अपनी प्रतिभा का जोरदार करते हुए 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में 14.56 सेकेंड का समय के साथ देश भर में पांचवे स्थान पर रहे। 15 वर्ष के एमानुएल किस्कू 40वीं राष्ट्रीय जूनियर नेशनल एथलेटिक्स, भुनेश्वर में अंडर 16 आयु वर्ग में छठा स्थान प्राप्त किया था इस स्पर्धा के स्वर्ण एवं रजत पदक विजेता दोनों खिलाड़ियों ने नए स्पर्धा 110 मीटर हर्डल्स में पछाड़ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।गृह जिला लौटने पर सिदो कान्हु स्टेडियम ,साहिबगंज में बुके देकर साहेबगंज जिला एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष, प्रशिक्षक योगेश यादव, खेलो इंडिया कुश्ती कोच प्रकाश सिंह बादल समेत एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र एवं कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र,फिजिकल अकादमी के दर्जनों ट्रेनी मौजूद थे।जिले के खेल प्रेमियों ने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए एमानुएल किस्कू को शुभकामना दी।

# 22 को आयोजित आयोजित होगी क्रॉस कंट्री दौड़



**संवाददाता**

**दुमका :** 170 वें संताल परगना स्थापना दिवस के अवसर पर गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल वैसी, जिला खेलकूद संघ, जिला ऐथेलेटिक्स संघ एवं जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के संयुक्त तत्वावधान में परगनैत राम सोरेन मेमोरियल ट्रस्ट बोआरीजोर के प्रायोजन में रविवार 22 दिसम्बर 2025 को दुमका के अंबेदकर चौक से रन फार बेटर संताल परगना सूत्र वाक्य को चरितार्थ करने के लिए सुबह 7 बजे से पुरुष एवं महिला क्रासकंट्री दौड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पुरुषों का दौड़ अंबेडकर चौक से शुरू होकर कुरूआ पहाड़ चौक तक जाना वहां से वापस अंबेडकर चौक। महिलाओं का दौड़ अंबेडकर चौक से दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आवास तक एवं वापस अंबेडकर चौक तक।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ.लुईस मरांडी झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक जामा पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम 10 विजेताओं को क्रमशः ₹1600, ₹1300, ₹1000, ₹700, ₹400, जबकि छठे से 10 वें स्थान पर आये प्रतिभागियों को ₹300 एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। शनिवार को दुमका के इंडोर स्टेडियम में आयोजित बैठक में जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे ने इस बात की जानकारी दी। बैठक में जिला ऐथलेटिक्स संघ के सचिव वरुण कुमार, खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव निमाय कांत झा, हैदर अली, मोहम्मद दाऊद अली, गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल वैसी के कोषाध्यक्ष सनातन मुर्मू, संयोजक सुलेमान मरांडी, सुनील हांसदा, मुकेश कुमार, अमन कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्रत्यायुक्त विधान समिति की समीक्षा बैठक संपन्न



**संवाददाता**

**दुमका :** स्थानीय परिसदन के सभागार में शनिवार को झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति सह विधायक सरयू राय ने की। इस अवसर पर समिति सदस्य के रूप में जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर (दिलीप बाबू) उपस्थित थे। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान सभापति सह विधायक सरयू राय ने जिले के सभी विभागों के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं एवं कार्यों का निष्पादन निर्धारित नियमावली एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सर्वोपरि होनी चाहिए।

नगर परिषद् के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभापति ने ठोस कचरा प्रबंधन, शहर की साफ-सफाई व्यवस्था तथा ड्रेनेज सिस्टम की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, नियमित कचरा संग्रहण एवं वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया।

बैठक में सभी विभागों की नियमावली पर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभागों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। इस संदर्भ में सभापति सह विधायक सरयू राय ने कहा कि मैनपावर की कमी से संबंधित समस्याओं को राज्य सरकार के संज्ञान में लाया जाएगा, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सभापति ने जिला पर्यावरण समिति की नियमित बैठक आयोजित करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं या प्रतिष्ठानों द्वारा पर्यावरण स्वीकृति की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने एवं शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे.

# एमबीए नामांकन के लिए प्रोस्पेक्टस जारी

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए शनिवार को आधिकारिक प्रोस्पेक्टस जारी कर दिया है। जारी प्रोस्पेक्टस में विश्वविद्यालय द्वारा एमबीए कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक और महत्वपूर्ण जानकारियों को विस्तार से शामिल किया गया है। यह प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है, ताकि इच्छुक अभ्यर्थी इसे आसानी से देख और डाउनलोड कर सकें। एमबीए विभाग के विभागाध्यक्ष दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में वर्ष 2016 से राजभवन निदेर्शालय के निर्देश पर दो वर्षीय एमबीए कार्यक्रम रेगुलर मोड में सेल्फ फाइनेंस कोर्स के रूप में संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में यह कोर्स विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग के साथ संयुक्त रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी संकाय या स्ट्रीम से स्नातक (यूजी) उत्तीर्ण अभ्यर्थी एसकेएमयू से एमबीए पाठ्यक्रम में नामांकन ले सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि कोविड-19 महामारी के बाद विश्वविद्यालय में एमबीए के लिए किसी प्रकार की प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जा रही है। योग्य अभ्यर्थी सीधे नामांकन लेकर एमबीए की पढ़ाई कर सकते हैं। प्रोस्पेक्टस में एमबीए कार्यक्रम की मान्यता (रिकॉग्निशन), विभाग का परिचय, नामांकन प्रक्रिया, सेमेस्टर शुल्क, परीक्षा शुल्क, पाठ्यक्रम का मोड, चयन की प्रक्रिया, कोर्स स्ट्रक्चर, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं तथा स्टूडेंट कोड ऑफ कंडक्ट जैसी सभी जानकारियों को विस्तार से समाहित किया गया है।

# देवीपुर अंचल से जुड़े मामले का त्वरित निराकरण करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश



**संवाददाता**

**देवघर :** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। वहीं जनता दरबार के दौरान झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, पेंशन एवं राजस्व से संबंधित मामलों को ऑन स्पॉट निराकरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त श्री लकड़ा ने जनता दरबार में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पेयजलापूर्ति समस्याओं स जुड़े आवेदन का संज्ञान लेते नगर आयुक्त को ससमय समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिया। आगे देवीपुर अंचल में जमीन पर्चा से जुड़े समस्या को संज्ञान में लेते हुए अंचलाधिकारी देवीपुर को त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही अपर समाहर्ता के माध्यम से जिले के सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि राजस्व व भूमि संबंधित मामलों का ससमय निराकरण करना सुनिश्चित कराए। आगे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त श्री लकड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके। ज्ञात हो कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु प्रति सप्ताह मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को समाहरणालय में पूर्वाह्न 10:30 से 11:30 बजे जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

जनता दरबार में अपर समाहर्ता हीरा कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम व कर्मी आदि उपस्थित थे।

➲एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने बताया कपिल शर्मा संग काम का अनुभव

## मैं मुक्का मारूं या किस करूं...

हिंदी, तमिल और बंगाली फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री त्रिधा चौधरी की फिल्म 'किस-किस को प्यार करूं-2' शुक्रवार को रिलीज हो गई। इस बीच त्रिधा ने फिल्म से जुड़े अनुभव, अपने किरदार और कपिल शर्मा के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेत्री त्रिधा चौधरी ने कहा कि मेरा मानना है कि एक्टर्स ऐसे रोल चुनते हैं जिनकी स्क्रिप्ट उन्हें ज्यादा मजबूत लगती है। मैंने 'आश्रम' में बोल्ड और शातिर बबीता का किरदार निभाया था। उसके बाद टाइपकास्ट न किया जाए, इसके लिए हर तरह के किरदार निभाना चाहिए। हालांकि सीरीज 'आश्रम' के बाद मुझे बोल्ड रोल ही ऑफर हुए थे। उन्होंने ये भी कहा कि चाहे मैं किसी को मुक्का मारूं या किस करूं, दोनों ही एक्टिंग हैं। फिल्म में अपने किरदार मीरा पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि कॉमेडी एक अलग तरह की चुनौती है। लोगों को लगता है कि यह करना आसान है, क्योंकि आपको बस दूसरों को हंसाना ही तो है, लेकिन यह बहुत मुश्किल है। ऐसे में सीन के दौरान टाइमिंग, घबराहट, इमोशन्स हर चीज को थामकर चलना पड़ता है। मैंने आज से पहले कभी कॉमेडी नहीं की, इसलिए मैं इसे अपने सीखने का तौर पर करूंगी।

फिल्म की स्क्रिप्ट को लेकर त्रिधा चौधरी ने कहा कि फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत अच्छे से लिखी गई है। जब आप फिल्म देखेंगे, तो आपको समझ आएगा कि मीरा कितनी जरूरी है। कई लोगों ने मुझसे पूछा, 'तुम अकेली हीरोइन नहीं हो तो यह फिल्म क्यों?' लेकिन अब समय बदल गया है। हीरोइनों की गिनती से ज्यादा किरदार मायने रखता है। उन्होंने आगे बताया कि मीरा का किरदार उनकी असल जिंदगी जैसा ही है। मीरा चुलबुली है और त्रिधा भी असल जिंदगी में बहुत जॉली और चुलबुली हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसे रोल का इंतजार कर रही थी जहां मैं अपना ड्रामा और एनर्जी दिखा सकूं। मुझे अक्सर सीरियस या कंट्रोल्ड रहने के लिए कहा जाता था, लेकिन मीरा ने मुझे एक्सप्रेसिव और बेफिक्र रहने का मौका दिया।

'किस-किस को प्यार करूं-2' मल्टी एक्ट्रेस वाली फिल्म है, जिसमें चार अभिनेत्रियां लीड रोल में हैं। ऐसे में सेट पर बाकी हीरोइंस के साथ अपने एक्सपीरियंस पर त्रिधा ने कहा कि सेट पर थोड़ा नर्वस फील होने लगता था। रिहर्सल बहुत मुश्किल थी और मैं सबके सपोर्ट के बिना यह नहीं कर पाती। कपिल इतना मजे कर रहे थे कि जो स्टेप्स उनके लिए नहीं थे, वे भी फाइनल कट में आ गए! अभिनेत्री त्रिधा चौधरी ने कहा कि कपिल शर्मा बहुत विनम्र हैं। कपिल मुझे 'मिस्टर चौधरी' कहते हैं, सबका सम्मान करते हैं और बहुत लाइट माहौल बनाते हैं।



इस सबसे बड़ी जंग में आलिया भट्ट की धांसू एंट्री!

## शाहरुख से भिड़े रणबीर

**2 साल** के लंबे इंतजार के बाद अगले साल शाहरुख खान भी आ रहे हैं. जब उनकी 'किंग' सिनेमाघरों में दस्तक देगी. पर सबसे ज्यादा इंतजार रणबीर कपूर का है, क्योंकि 2026 में उनकी दो बड़ी फिल्में आएंगी. 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' से पहले वो काम में बिजी हैं. इसी बीच एक मिनट में शाहरुख खान और रणबीर कपूर की टक्कर देखने को मिली. आलिया भट्ट का ये अंदाज भी छा गया. क्या ये कोई फिल्म है या कुछ और? अगले साल कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं. इनमें शाहरुख खान की 'किंग' भी शामिल है. जिसे 2026 के एंड में लाया जाएगा. वहीं दूसरी ओर हैं रणबीर कपूर- जिनकी 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' के लिए हर कोई काफी एक्साइटेड नजर आ रहा है. लेकिन दोनों की आने वाली बड़ी फिल्मों के बीच शाहरुख खान और रणबीर कपूर आमने-सामने आ गए हैं. जहां महज 1 मिनट में दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखी गई है. इस दौरान दोनों के साथ आलिया भट्ट भी नजर आ गई हैं. जानिए ये फिल्म है या कुछ और होने वाला है. शाहरुख खान इस वक्त अपनी अपकमिंग फिल्म किंग के काम में बिजी हैं. इसी बीच सिद्धार्थ आनंद ने एक वीडियो शेयर कर दिया. जिसे लोगों का गजब का रिस्पॉन्स भी मिल रहा है. इस क्लिप में शाहरुख खान एकदम 'जवान' वाले लुक में दिख रहे हैं. जबकि, 'बह्मास्त्र' में रणबीर जिस तरह दिखाई दिए थे, उनका वीडियो में वैसा लुक है.

वीडियो की शुरुआत में रणबीर कपूर एक घूसा शाहरुख के चेहरे पर मारते हैं और कहते हैं- सिर बचाकर विक्रम राठौर. जिसके बाद किंग खान पलटवार करते हैं और रणबीर के चेहरे पर जोरदार पंच मारते हैं. वो रणबीर कपूर को जैसे ही एक हाथ से ऊपर उठा लेते हैं. उसी वक्त स्क्रीन पर एंट्री होती है आलिया भट्ट की. जो एकदम 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' वाले अंदाज में दिख रही हैं. वो दोनों को रोकती हैं और दोनों एक्टर्स रुक भी जाते हैं.

पलक मुच्छल की वजह से धड़क रहे 3,966 दिल, सिंगर ने कहा

## मेरा मकसद जिंदगी बचाना



### पलक आवाज से दिल पर करती है राज

बॉलीवुड की प्लेबैक सिंगर पलक मुच्छल अपनी मीठी आवाज से लोगों के दिलों पर राज करती हैं, लेकिन इसी के साथ समाज सेवा के जरिए नए आयाम हासिल कर रही हैं। सिंगर हृदय रोगों से जूझ रहे बच्चों का मुफ्त इलाज कराती हैं। अब बच्चों की संख्या 3,966 हो गई है। बच्चों की सर्जरी की संख्या बढ़ने पर सिंगर ने अपनी भावनाओं को



शब्दों में फैंस के साथ बयां किया है। प्लेबैक सिंगर पलक मुच्छल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। पलक ने सभी तारीफ और अवॉर्ड को दरकिनार करते हुए लोगों के सपोर्ट और प्यार को ही अपनी असली पूंजी बताया है।

सिंगर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'भारत सरकार द्वारा 'नेशनल चाइल्ड अवॉर्ड' मिलना, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होना, या सीबीएसई और महाराष्ट्र बोर्ड की किताबों में मेरा एक चैप्टर शामिल किया जाना, यह सच में मेरे लिए सम्मान की बात है।' उन्होंने आगे लिखा कि हाल के दिनों में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम शामिल होने के बाद काफी कुछ सुनने और पढ़ने का मौका मिला। लोगों की जान बचाने का मेरा मिशन किसी 'रिकॉर्ड' की कैटेगरी में नहीं आता और न ही मैंने सर्जरी स्पॉन्सर करने के लिए किसी किताब में नाम लिखवाया है। मेरे मिशन का मकसद जिंदगी बचाना, मुस्कान लाना और प्यार फैलाना है। ये सब मेरे लिए किसी अवॉर्ड या खिताब से कहीं ज्यादा है। अब धड़कते दिलों की संख्या 3,966 हो गई है और ये प्यार, सपोर्ट और खुशी ही मेरे लिए सबसे बड़ा इनाम है। बता दें कि पलक अपने भाई पलाश के साथ मिलकर 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' चलाती हैं। पलक अपने लाइव शो से जितना भी पैसा कमाती हैं, वह सारा पैसा बच्चों की सर्जरी में लगता है। पलक के पति और सिंगर मिथुन ने खुद एक इंटरव्यू में कहा था कि पलक लाइव शोज का सारा पैसा बच्चों की सर्जरी में लगा देती हैं और अगर पैसा कम पड़ता है तो अपने पर्सनल अकाउंट का भी इस्तेमाल करती हैं।

## ओपोर्च्युनिस्ट होने में कोई बुराई नहीं है



**अभिनेत्री** नुसरत भरूचा ने अपनी हॉरर फ्रैंचाइज़ 'छोरी' के ज़रिए एक अलग पहचान बनाई है, जहाँ उनके अभिनय की इतनी तारीफ़ हुई कि इसका दूसरा भाग भी बना, जिसने एक जोखिम लेने वाली, ईमानदार और स्पष्ट विचारों वाली कलाकार के रूप में उनकी जगह और मज़बूत कर दी। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, नुसरत ने महत्वाकांक्षा, चुनावों और अक्सर गलत समझे जाने वाले शब्द 'अवसरवादी' पर खुलकर बात की। उन्होंने इस धारणा को बड़ी सच्चाई और परिपक्वता के साथ नया दृष्टिकोण दिया। उन्होंने कहा, 'मैं भी एक अवसरवादी हूँ। अगर मुझे कोई ऐसी फिल्म का ऑफर मिलता है जिसे मैं सच में करना चाहती हूँ, तो क्यों नहीं? ज़ाहिर है मैं जाकर कहूँगी, 'हाँ, मैं यह करना चाहती हूँ।' हर कोई लाइन में इसलिए खड़ा होता है, क्योंकि उसे कुछ चाहिए होता है। और इसमें कोई बुराई नहीं है। अवसरवादी होना गलत नहीं है, लेकिन उस रास्ते पर चलते हुए आपके कदम ज़िम्मेदार होने चाहिए। यह आप ही जानते हैं, या समय के साथ सीखते हैं। मैंने अपने अनुभवों से सीखा है, और अगर मेरी सोच, मेरे मूल्य और मेरी धारणाएँ मुझे सही लगती हैं, तो वे मेरे लिए सही हैं।' इंडस्ट्री में नुसरत की यात्रा उनके महत्वाकांक्षा और प्रामाणिकता के इसी संतुलन को दर्शाती है। वर्षों में, उन्होंने एक मज़बूत फिल्मोग्राफी गढ़ी है, जिसमें बड़े पैमाने की फिल्मों से लेकर दमदार, प्रदर्शन-प्रधान भूमिकाएँ शामिल हैं। विशेष रूप से 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', और 'ड्रीम गर्ल' जैसे हिट्स से लेकर 'छोरी' और 'जनहित में जारी' में उनके प्रभावशाली अभिनय तक, नुसरत ने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं, जो उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका देते हैं और व्यापक दर्शकों से जोड़ते हैं।

सेलिना जेटली घरेलू हिंसा केस:

## सुनवाई 27 जनवरी तक स्थगित, दोनों पक्षों को जमा करना होगा आय हलफनामा

**अभिनेत्री** सेलिना जेटली की शादीशुदा जिंदगी बुरे दौर से गुजर रही है। बीते दिनों उन्होंने मुंबई की एक अदालत का रुख किया और अपने पति पीटर हाग पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाए। आज कोर्ट में मामला पहुंचा। अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। अभिनेत्री सेलिना जेटली ने अपने पति पीटर हाग के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराया है। अभिनेत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई पति पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मुंबई की एक अदालत ने इस मामले की सुनवाई 27 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। साथ ही दोनों पक्षों को आय संबंधी हलफनामा जमा करने को कहा है। इसके बाद आगे की सुनवाई शुरू होगी। पीटर हाग के खिलाफ घरेलू हिंसा के मामले की आज कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान पीटर हाग की तरफ से उनके वकील पेश हुए। सेलिना जेटली और पीटर हाग की शादी को 15 साल हो गए हैं। दोनों के वैवाहिक जीवन में विवाद शुरू हो गया है। पूर्व मिस इंडिया जेटली ने अपने पति हाग के खिलाफ घरेलू हिंसा, क्रूरता और हेरफेर का आरोप लगाते हुए डोमेस्टिक वायलेंस एक्ट के तहत केस किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें उनके पति पीटर हाग से इमोशनल, फिजिकल, सेक्सुअल और वर्बल अब्यूज का सामना करना पड़ा है। सेलिना और पीटर हाग की शादीशुदा जिंदगी में करीब 15 साल बाद खटास आ गई है। बीते दिनों सेलिना जेटली ने अपने पति हाग के खिलाफ डोमेस्टिक वायलेंस एक्ट के तहत केस किया है। इसमें उन्होंने हाग पर घरेलू हिंसा, क्रूरता और हेरफेर संबंधी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इस खिलाफ घरेलू हिंसा के केस में एक नया अपडेट यह है कि मुंबई की एक कोर्ट ने आज शुक्रवार 12 दिसंबर, 2025 को मामले को 27 जनवरी, 2026 तक के लिए स्थगित कर दिया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को अपने इनकम एफिडेविट फाइल करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने पीटर हाग को अपना जवाब फाइल करने का समय दिया है, जिसके बाद दोनों पार्टियों की बात सुनी जाएगी।

## सारा अर्जुन के डेब्यू पर भावुक हुए पिता राज अर्जुन, शेयर किए जज्बात



**अभिनेता** राज अर्जुन फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम है। उन्होंने हिंदी सिनेमा से लेकर साउथ सिनेमा तक अपने अभिनय का परचम लहराया है। वहीं, उनकी बेटी सारा अर्जुन भी अब बॉलीवुड में फिल्म 'धुरंधर' से डेब्यू कर चुकी हैं। फिल्म रिलीज के बाद पूरी स्टार कास्ट के साथ सारा की भी खूब तारीफें हो रही हैं। अपनी बेटी की मेहनत देख अभिनेता फूले नहीं समा रहे हैं। बेटी की सफलता से खुश पिता राज अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर सारा के साथ तस्वीरें शेयर कीं, जिनके साथ उन्होंने लिखा कि यह सिर्फ सारा की जीत नहीं, बल्कि पिता-बेटी का एक रूहानी सफर है। अभिनेता ने बताया कि सारा बचपन से ही उन्हें एक बेहतरीन इंसान और कलाकार बनाने में लगी रही है। अभिनेता ने सारा के बचपन का एक दिलचस्प किस्सा शेयर करते हुए लिखा, 'साल 2016 की बात है, जब मैं सारा को आराम नगर में मुकेश छाबड़ा सर के ऑफिस में ऑडिशन दिलाने के लिए गया था। वह जब अंदर ऑडिशन के लिए गई, तो मैं बाहर खड़ा था। तभी मेरे पास मुकेश जी आए और कहा कि 'राज भाई, एक फिल्म कर रहा हूं, 'सीक्रेट सुपरस्टार,' आप भी ऑडिशन दे दीजिए।' यानी दरवाजा सारा के लिए खुला था, लेकिन किस्मत मेरे लिए भी खुल गई। अभिनेता का कहना है कि अक्सर मैंने लोगों को कहते सुना है कि बेटियां पिता का हाथ पकड़कर चलती हैं, लेकिन मेरे साथ उल्टा हुआ है। मैं अपनी बेटी का हाथ पकड़कर अपनी मंजिल तक पहुंचा हूं। उन्होंने लिखा, 'पहले मैं सारा को संभालता था, लेकिन अब वह मुझे संभाल रही है। सारा में एक अजीब-सा ठहराव है, तहजीब है, रूहानी सादगी है, और साथ ही आग भी है। वह कभी समझाती है, कभी थाम लेती है और कभी एक नजर से मेरे अंदर के तूफान को शांत कर देती है। उन्होंने आखिरी में लिखा, 'अब सारा धुरंधर में अपने अभिनय की चमक बिखेर रही है, तो मेरा दिल कहता है, जिसे मैंने कभी थामे रखा था, आज वह मुझे थामकर उड़ान भर रही है। उन्होंने लिखा कि 'मेरी बेटी मेरी ताकत और खूबसूरत मोड़ है। उसकी जीत किसी शोर से नहीं, बल्कि मोहब्बत से लिखी गई है और मेरी कहानी की हर रोशनी का नाम सिर्फ सारा है। '

## कुनाल खेमू संग नेटफ्लिक्स की सिंगल पापा में दिखेंगी आयशा अहमद



इंडस्ट्री की सबसे ताज़ा और दिलचस्प चेहरों में से एक, आयशा अहमद अब दिखाई देंगी नेटफ्लिक्स की नई कॉमेडी सीरीज़ सिंगल पापा में। ट्रेलर में उनकी बस हल्की-सी झलक मिलती है—और ये कोई गलती नहीं है। मेकर्स ने जानबूझकर उनके किरदार को 'सीक्रेट मोड' में रखा है, ताकि उत्सुकता और बढ़े। शो में आयशा अहमद का रोल अहम और दमदार बताया जा रहा है।



## भारतीय खेलों के लिए स्वर्णिम साबित हुआ साल 2025

एजेंसी

**नई दिल्ली:** साल 2025 भारतीय खेल इतिहास में एक यादगार और निर्णायक अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। क्रिकेट के मैदान से लेकर पैरा-एथलेटिक्स ट्रैक, शतरंज की बिसात, हॉकी टर्फ और बॉक्सिंग रिंग तक—भारतीय खिलाड़ियों ने हर मंच पर तिरंगा लहराया। यह उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानियां नहीं रहीं, बल्कि भारत के तेजी से विकसित होते खेल पारिस्थितिकी तंत्र, मजबूत बुनियादी ढांचे, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और नई पीढ़ी के आत्मविश्वास का प्रमाण भी बनीं। आइए नजर डालते हैं 2025 की उन ऐतिहासिक उपलब्धियों पर, जिन्होंने भारतीय खेलों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया—



### क्रिकेट में भारत का दबदबा: 2025 यादगार साल

साल 2025 भारतीय क्रिकेट के लिए उपलब्धियों, भावनाओं और उतार-चढ़ाव से भरा ऐतिहासिक वर्ष साबित हुआ। आईसीसी ट्रॉफी जीत से लेकर एशिया कप में वर्चस्व, महिला क्रिकेट के स्वर्णिम पल और साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीत तक—टीम इंडिया ने विश्व क्रिकेट में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई।

### आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025:

### भारत का ऐतिहासिक तिहरा

मार्च 2025 में दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। यह जीत ऐतिहासिक रही क्योंकि पहली बार भारत ने किसी आईसीसी फाइनल में कीवियों को शिकस्त दी। टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया। फाइनल में निर्णायक अर्धशतक लगाने वाले रोहित शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### एशिया कप 2025: भारत–पाक राइवलरी का हाइलाइट

दुबई में खेले गए एशिया कप 2025 में भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर नौवीं बार खिताब जीता। तिलक वर्मा की नाबाद पारी ने दबाव भरे रन चेज को यादगार बना दिया। पूरे टूर्नामेंट में भारत ने पाकिस्तान को तीन बार हराया, जिससे यह एशिया कप भारत-पाक राइवलरी का सबसे बड़ा आकर्षण बना। इससे पहले सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने एशिया कप का खिताब जीतकर महाद्वीप में अपना दबदबा कायम रखा था।

### महिला क्रिकेट का 1983 वाला ऐतिहासिक पल

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीता। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर मिली यह जीत महिला क्रिकेट के लिए 1983 विश्व कप जैसा पल मानी गई, जिसने देशभर में नई पीढ़ी को प्रेरित किया।

### आत्मनिर्भर और डंपसाइट फ्री शहरों के लक्ष्य के साथ उत्तर- मध्य राज्यों की बैठक संपन्न

# नगरीय नवाचार, विरासत और मेट्रो विस्तार से मप्र बनेगा शहरी विकास का मॉडलः मोहन यादव

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शनिवार को उत्तर मध्य राज्यों के नगरीय विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के समापन सत्र में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर का स्वागत किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शहरी विकास में आधुनिक तकनीक, नवाचार और अपनी समृद्ध विरासत के समन्वय के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भोपाल की बड़ी झील के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हमारे पूर्वजों के प्राचीन निर्माण और अद्वितीय अभियांत्रिकी कौशल का जीवंत उदाहरण है, जो आज भी नगर नियोजन के लिए प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह, जिसे पहले मिंटो हॉल के नाम से जाना जाता था, हमारी विरासत का



प्रतीक है और ऐसे ऐतिहासिक स्थल पर अन्य राज्यों से आए अतिथियों का स्वागत करना गौरव की बात है। समापन सत्र की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि शहरी विकास के क्षेत्र में हमें धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना होगा और बजट के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर के लिए विशेष प्रोजेक्ट डिजाइन कर केंद्र को भेजा जा सकता है, ताकि स्थानीय जरूरतों के अनुरूप समाधान सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि देश को ्डंपसाइट फ्री्ब बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में मध्य प्रदेश की प्रगति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश जल्द ही डंपसाइट फ्री होने की ओर अग्रसर है। उन्होंने सुझाव दिया कि डंपसाइट को मंत्री और अधिकारी गोद लें, नियमित मॉनिटरिंग करें और एक वर्ष के भीतर उन्हें समाप्त करने का लक्ष्य लेकर काम करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ऐसा विषय है, जिसमें पुरानी लीगेसी वेस्ट को खत्म करना बेहद जरूरी है। इंदौर में 3.3 किमी लंबी अंडरग्राउंड मेट्रो को मंजूरी, मुख्यमंत्री ने जताया आभारपरिवहन और मेट्रो परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए खट्टर ने कहा कि मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के साथ लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने इंदौर में 3.3 किलोमीटर के अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण को हरी झंडी मिलने की जानकारी भी दी। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार और केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को एक वर्ष में दो मेट्रो परियोजनाओं की सौगात मिली है। ये शहरी परिवहन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर की कान्ह नदी के दूषित जल को शिप्रा नदी में जाने से रोकने के लिए राज्य सरकार ने नवाचार के रूप में विशेष परियोजना तैयार की है। इसके साथ ही प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान पर भी प्रभावी रूप से कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि शिप्रा नदी में वर्षा जल के संग्रहण की व्यवस्था की जा रही है, जिससे सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध और पवित्र जल में पुण्य स्नान का अवसर मिलेगा। अमृत योजना के तहत मध्यप्रदेश के कार्यों की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि राज्य ने इस योजना में बेहतर प्रदर्शन किया है। साथ ही नदियों के किनारे की बसाहटों को प्राथमिकता देने की योजना पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश देश के अग्रणी राज्य रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेंटल हाउसिंग की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। जिससे काम के सिलसिले में दूसरे इलाके जाने वाले लोगों को मदद मिलेगी। इसके साथ ही अंगीकार कैंपेन को तीन महीने के लिए बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में आगामी समय में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों का विकास किया जाएगा, जिससे नियोजित शहरीकरण, बेहतर अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री अरुण साव, मध्य प्रदेश के नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, उत्तर प्रदेश के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राकेश राठौर सहित विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने शहरी विकास, स्वच्छता, आवास और परिवहन के क्षेत्रों में आपसी सहयोग से आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रन फॉर जयपुर को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



एजेंसी

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर स्थित अल्बर्ट हॉल से ्रन फॉर जयपुर्ब मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित यह आयोजन सड़क सुरक्षा एवं स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। हमारी छोटी सी लापरवाही सड़क दुर्घटनाओं को अंजाम दे सकती है। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन अमूल्य है। हमें वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रुप से उपयोग करना चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। शर्मा ने राज्य सरकार के सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों में सहयोग देने के लिए दैनिक भास्कर का धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, ऐसे आयोजनों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सड़क सुरक्षा का संदेश जन-जन तक और अधिक प्रभावी रूप से पहुंचेगा। इस दौरान श्री शर्मा ने दौड़ में भाग ले रहे प्रतिभागियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री साय आज आंध्र प्रदेश दौरे पर



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को आंध्र प्रदेश के दौरे पर रहेंगे' वे दोपहर डेढ़ बजे रायपुर एयरपोर्ट से रवाना होंगे' आंध्र प्रदेश के ईस्ट गोदावरी जिले में जाएंगे' दोपहर 3.30 बजे अटल मोदी सुपारीपालना यात्रा में शामिल होंगे. शाम 4.15 पर पूर्व ढट अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. अटल बिहारी वाजपेयी पर लगी फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे' इसके बाद रात 8.30 बजे आंध्र प्रदेश से रायपुर

## वाशिंगटन ने काराकास पर दबाव बढ़ाया, अमेरिका ने वेनेजुएला का दूसरा व्यापारिक जहाज किया जब्त

एजेंसी

**काराकास (वेनेजुएला), :** वाशिंगटन ने काराकास पर दबाव बढ़ा दिया है। इससे अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर आर्थिक मार करते हुए उसका पूरा विदेशी व्यापार ही चौपट कर दिया है। अमेरिका ने बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए वेनेजुएला का दूसरा व्यापारिक जहाज जब्त कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बीच निकोलस मादुरो सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक अमेरिकी अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। अधिकारी के अनुसार, इस जहाज को अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास जब्त किया। इस महीने ऐसा दूसरा वाकया है। यह ट्रंप के देश से आने-जाने वाले प्रतिबंधित तेल टैंकरों की नाकाबंदी की घोषणा के बाद हुआ है। अमेरिका ने 10 दिसंबर को स्किपर नामक बड़े तेल टैंकर को जब्त किया था।



अधिकारी के अनुसार, ताजा जब्त किए गए जहाज पनामा का झंडा लगा हुआ था। वह वेनेजुएला का तेल लेकर एशिया जाने की तैयारी में थी। अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने शनिवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक सात मिनट का वीडियो पोस्ट किया। इसमें एक हेलीकॉप्टर टैंकर के ऊपर मंडराता दिख रहा है। उन्होंने लिखा कि टैंकर को कोस्ट गार्ड ने सुरक्षा विभाग की मदद से भोर से पहले दबोच लिया। इस बीच, वेनेजुएला के विदेशमंत्री ने शनिवार को घोषणा की कि ईरान ने अमेरिकी सरकार के इस कदम को समुद्री डकैती कृत्य की संज्ञा दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सेना के युद्धक जहाज और युद्धपोत प्रशांत महासागर में तैनात हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को डर है कि अमेरिका उनके देश पर हमला कर सकता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो संयुक्त राष्ट्र से अमेरिकी घेराबंदी खत्म कराने की अपील कर चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

## हिमाचल में आज पल्स पोलियो अभियान, 6.24 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। राज्यभर में इसके लिए 5,793 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत इस अभियान में कुल 6.24 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग का प्रयास है कि पहले ही दिन बूथों पर करीब 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जाए, जबकि शेष बच्चों को अगले दो दिनों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिमला स्थित राज्य के एकमात्र मातृ-शिशु अस्पताल कमला नेहरू अस्पताल (केएनएच) से करेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्रदेश में घूमने आए पर्यटकों के 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को भी पोलियो की खुराक मिल सके। इसके लिए सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर व्यवस्था की गई है। सैलानी अपने नौनिहालों को किसी भी सरकारी अस्पताल, डिस्पेंसरी या नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दवा पिला सकते हैं। एनएचएम के अनुसार प्रदेश में कांगड़ा और मंडी जिलों में नौनिहालों की संख्या सबसे अधिक है। मंडी जिले में 1,103 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां करीब 1.12 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। वहीं कांगड़ा जिले में 1,010 बूथों पर लगभग 1.05 लाख नौनिहालों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। शेष जिलों में भी बड़े पैमाने पर बूथ स्थापित किए गए हैं। बिलासपुर में 275 बूथों पर 29 हजार, चंबा में 542 बूथों पर 47 हजार, हमीरपुर में 282 बूथों पर 28 हजार, किन्नौर में 100 बूथों पर 5,500, कुल्लू में 393 बूथों पर 38 हजार, लाहौल-स्पीति में 50 बूथों पर 2,500, शिमला में 712 बूथों पर 62 हजार, सिरमौर में 538 बूथों पर 55 हजार, सोलन में 424 बूथों पर 45 हजार और ऊना में 364 बूथों पर 35 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकताओं, आंगनबाड़ी और आशा वर्करों सहित सभी की ड्यूटियां सुनिश्चित कर दी गई हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं और उन्हें पोलियो की खुराक पिलवाएं।

## प्रयागराज में 27 दिसम्बर से दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी

एजेंसी

**प्रयागराज :** पुष्प उत्पादन के कारोबार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 27 दिसम्बर से दो दिवसीय गुलदाउदी व कोलियस प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी 27 और 28 दिसम्बर को लगेगी। इस प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए राजकीय उद्यान चन्दशेखर आजाद पार्क से आवेदन फार्म ले सकते हैं। यह जानकारी रविवार को उद्यान अधीक्षक विजय किशोर ने दी।

उन्होंने बताया कि पुष्प उत्पादन एवं इसके कारोबार को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजकीय उद्यान, चन्दशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज के बैण्ड स्टैण्ड उद्यान इकाई (गोल चक्कर) पर 27 व 28 दिसम्बर को प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में,गुलदाउदी व कोलियस की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में 'शामिल होने के लिए व्यक्तिगत' अथवा सरकारी ,अर्धसरकारी ,निजी संस्था प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया जाता है। प्रदर्शनी में लगने वाले प्रदर्श (गमलों) की कोई एंट्री फीस नहीं ली जायेगी।

# मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच कई जिलों में छा रहा घना कोहरा, देरी से चल रही ट्रेन-फ्लाइट

**- शहडोल के कल्या  ।पुर में सबसे कम तापमान दर्ज**

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इस बार सर्दी अपने चरम पर है। बढ़ते दिनों के साथ हाड़ कंपाने वाली ठंड भी अपनी सीमा पार कर रही है। वहीं कोहरे की चादर में पूरा प्रदेश लिपट गया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में 20 से ज्यादा ट्रेनें हर रोज 30 मिनट से 5 घंटे तक लेट हो रही है। वहीं, भोपाल और इंदौर से फ्लाइट भी डिले हैं। प्रदेश में अधिकतर शहरों का तापमान 10 डिग्री के नीचे है। शहडोल के कल्याणपुर में पारा सबसे कम रिकॉर्ड



किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार सुबह ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल, उमरिया और कटनी में कोहरे का असर है। भोपाल, शाजापुर, देवास, सीहोर, रायसेन, विदिशा में मध्यम कोहरा है। यहां विजिबिलिटी 2 से 4 किलोमीटर तक है। कोहरे की वजह से दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेनों पर सबसे ज्यादा असर है। दरअसल, उत्तरी राज्यों में भी कोहरा छा रहा है। इस वजह से वहां से मध?य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, ग्वालियर-उज्जैन की ओर आने वाली ट्रेनें अपने समय पर नहीं आ रही है।

रविवार को भी ग्वालियर समेत प्रदेश के 18 शहरों में कोहरा है। इससे पहले शनिवार को शहडोल के कल्याणपुर में पारा रिकॉर्ड 2.8 डिग्री पर पहुंच गया। मध?य प्रदेश में में इस सीजन पहली बार पारा इतना नीचे पहुंचा है। कई शहरों में पारे में गिरावट का दौर जारी रहा। शनिवार की रात में पारा पहली बार 3 डिग्री से नीचे पहुंच गया। शहडोल के कल्याणपुर में तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उमरिया में 4.3 डिग्री, अनूपपुर के अमरकंटक में 4.6 डिग्री रहा। वहीं, पचमढ़ी में 5.2 डिग्री, राजगढ़ में 5.4 डिग्री, रीवा में 5.5 डिग्री, मलाजखंड में 5.6 डिग्री, नौगांव में 6.1 डिग्री, रायसेन-छिंदवाड़ा में 6.8 डिग्री, दतिया-सतना में 7.1 डिग्री, मंडला में 7.3 डिग्री, खजुराहो-दमोह में 7.4 डिग्री, बैतूल में 7.5 डिग्री, खंडवा-नरसिंहपुर में 8.4 डिग्री, सागर में 8.9 डिग्री, शिवपुरी में 9 डिग्री, खरगोन में 9.2 डिग्री, सिवनी में 9.4 डिग्री और रतलाम में 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में इंदौर में सबसे कम 5.6 डिग्री, भोपाल में 6.2 डिग्री, ग्वालियर में 7.5 डिग्री, उज्जैन में 8.5 डिग्री और जबलपुर में 7.4 डिग्री तापमान रहा।

## नाबालिग युवती लापता, रिश्तेदार पर अपहरण का केस

**शिमला :** जिला शिमला के चौपाल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चौपाल के एक गांव के निवासी शख्स ने चौपाल थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर की रात उनकी बेटी घर के एक अलग कमरे में सो रही थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य दूसरे कमरों में आराम कर रहे थे। सुबह जब परिवार के लोग उठे तो उनकी बेटी अपने कमरे में नहीं मिली। उन्होंने बताया कि काफी तलाश के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि उनकी बेटी को उनका ही एक रिश्तेदार प्रमोद कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस पर उन्होंने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### कोलकाता में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश, बांग्लादेश की अशांति का असर शहर तक न पहुंचे : पुलिस आयुक्त

**कोलकाता :** बांग्लादेश में जारी हिंसा और अशांति की स्थिति को देखते हुए कोलकाता में किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैलने देने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार अपराह्न कोलकाता पुलिस के मासिक क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए। सूत्रों के अनुसार, पुलिस आयुक्त ने बैठक में कहा कि बांग्लादेश में मौजूदा हालात के चलते यदि कोलकाता में किसी भी प्रकार की अशांति या गड़बड़ी की आशंका दिखाई दे, तो तत्काल सख्त कदम उठाए जाएं। कोलकाता पुलिस के अंतर्गत आने वाले संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ, एसआईआर से जुड़ी सुनवाई के दौरान शहर और खासकर उपनगरों के थाना इलाकों में कड़ी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। इस बीच शहर में त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। सामने क्रिसमस और उसके बाद नववर्ष है। पुलिस आयुक्त ने त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने को लेकर सभी थानों को सतर्क रहने को कहा है। क्रिसमस और न्यू ईयर की रात शहर में नाइट पार्टियों का आयोजन होता है और देर रात तक सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में छेड़छाड़ या महिलाओं के साथ किसी भी तरह की अभद्रता न हो, इस पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही होटल और गेस्ट हाउसों में नियमित तलाशी और अभियान चलाने के निर्देश भी स्थानीय थानों को दिए गए हैं। बैठक में शहर में हाल के दिनों में हुई अग्निकांड की घटनाओं पर भी चर्चा की गई। दहनशील पदार्थों के भंडारण से जुड़े गोदामों के लाइसेंस की समीक्षा करने का आदेश दिया गया है। इसके लिए सभी थानों को अपने-अपने इलाके में स्थित दहनशील वस्तुओं के गोदामों की संख्या, वहां किस प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ रखे गए हैं, इसकी जानकारी एकत्र करने को कहा गया है। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित गोदामों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस आयुक्त ने दिए हैं।

### नेपाल के आमचुनाव में भारतीय नंबर प्लेट के वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध

**काठमांडू :** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव में भारतीय वाहनों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नेपाल में आगामी 5 मार्च, 2026 को प्रतिनिधि सभा के चुनाव है। आयोग ने आचार संहिता में कहा कि भारत सहित किसी भी विदेशी नंबर प्लेट वाले वाहनों को किसी भी परिस्थिति में अनुमति नहीं दी जाएगी। राजनीतिक दल केवल निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वीकृत संख्या और प्रकार के वाहन ही उपयोग कर सकेंगे तथा वाहनों के स्वरूप में किसी प्रकार का परिवर्तन प्रतिबंधित रहेगा। आचार संहिता के अनुसार, उम्मीदवारों को बिना पूर्व अनुमति के प्रचार के लिए वाहन इस्तेमाल करने या वाहनों पर प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं होगी। बिना अनुमति उपयोग किए गए वाहनों और भारतीय साइट विदेशी नंबर प्लेट के वाहनों को जब्त किया जाएगा और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस या अन्य सुरक्षा निकाय ऐसे वाहनों को जब्त कर जिला आचार संहिता स्वीकृति समिति को रिपोर्ट करने के लिए अधिकृत होंगे। निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से कोई भी उम्मीदवार आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार, संबंधित निर्वाचन क्षेत्र या उम्मीदवार के ठहराव स्थल पर अधिकतम दो दोपहिया, तिपहिया या चारपहिया (विद्युत या यांत्रिक) वाहन इस्तेमाल कर सकेगा। जिन क्षेत्रों में वाहनों की अनुमति नहीं है, वहां अधिकतम चार घोड़ों के उपयोग की अनुमति होगी। हालांकि, निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से उन मतदाताओं को छूट दी जा सकती है, जो पैदल चलने में असमर्थ हैं। इसमें गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाएं, छोटे बच्चों को साथ ले जाने वाली महिलाएं, अनाथ, दिव्यांग व्यक्ति और वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आचार संहिता में राजनीतिक दलों को अपने मुख्य प्रचारक का नाम आयोग को प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। आयोग द्वारा अधिकृत मुख्य प्रचारकों को ही चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर उपयोग करने की अनुमति होगी।

### हिमाचल प्रदेश में ठंड और कोहरे की दोहरी मार, सैलानियों को बर्फबारी का इंतजार

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में दिसंबर के तीसरे सप्ताह में मौसम ने अपना बदला हुआ रंग दिखाया है। हिल स्टेशनों शिमला और मनाली सहित पहाड़ी इलाकों में रविवार सुबह से बादल छाए रहने से ठंड का असर बढ़ गया है, वहीं मैदानी और निचले क्षेत्रों में घने कोहरे ने जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी है। राजधानी शिमला में रविवार को अधिकतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब पांच डिग्री अधिक रहा, जबकि मनाली में तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कुफरी में 8.6 डिग्री, नारकंडा में 6.5 और कल्पा में 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जनजातीय इलाकों में सर्दी का असर ज्यादा दिखा, जहां कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान माइनस 2.4 डिग्री और ताबो में 1.1 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य की ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं में हल्की बर्फबारी हो रही है, हालांकि यह बर्फबारी पर्यटन स्थलों तक नहीं पहुंच पाई। दूसरी ओर बिलासपुर, ऊना और मंडी जैसे निचले और मैदानी जिलों में घने कोहरे के कारण दृश्यता पर खासा असर पड़ा है। सुबह और देर रात के समय कई इलाकों में विजीविलिटी बेहद कम रही, जिससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ और वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ी। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले चार दिनों तक राज्य के निचले जिलों में देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार 22 से 25 दिसंबर के बीच खासकर बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों के कुछ हिस्सों में घना कोहरा पड़ सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अपने पूवार्नुमान में यह भी स्पष्ट किया है कि 22 से 27 दिसंबर तक प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा और इस दौरान कहीं भी बारिश या बर्फबारी की संभावना नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ का असर फिलहाल कमजोर रहेगा। इस बीच शिमला, कुफरी और मनाली की वादियों में बर्फबारी की उम्मीद में सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। क्रिसमस और न्यू ईयर की छुट्टियों को देखते हुए होटल और पर्यटन स्थलों पर रौनक तो है, लेकिन मौसम विभाग के साफ पूवार्नुमान ने पर्यटकों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। विभाग ने साफ कर दिया है कि 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन शिमला, कुफरी और मनाली में ्व्हाइट क्रिसमस्ब का नजारा देखने को नहीं मिलेगा और बर्फबारी का दीदार इस बार नहीं हो पाएगा। इन पर्यटन स्थलों पर अभी सीजन की पहली बर्फबारी का इंतजार बना हुआ है।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**तामूलपुर (असम) :** तामुलपुर जिले के गोरेश्वर इलाके में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि बीती रात तामुलपुर के गोरेश्वर तीन नंबर बालाबाड़ी बरकसूला इलाके में तेज रफ्तार कार कल्वर्ट से जा टकराई जिसकी वजह से कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई । मृतकों की पहचान सीआरपीएफ जवान राजू नाजार्री और असम टेक्सटाइल के चालक लखी बोड़ो के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## फिर मैराथन में दौड़े पुलिस निरीक्षक आनंद मिश्रा,25 किलोमीटर की दौड़ 2.27 घंटे में पूरी की

**जमशेदपुर :** शौकिया तौर पर मैराथन की दौड़ लगाने वाले पुलिस निरीक्षक सह साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा कोलकाता में टाटा स्टील प्रायोजित 25 किलोमीटर की मैराथन में रविवार को दौड़े ।उन्होंने 25 किलोमीटर की दूरी 2:27:45 में पूरी की ।उनकी इस मेहनत, कामयाबी एवं सफलता पर रिश्तेदारों,मित्रों एवं विभागीय पदाधिकारी ने बधाई दी है और भविष्य में इस समय में सुधार करने की कामना की है। आनंद मिश्रा के अनुसार उन्हें अपने इस दौड़ की आदत से विभागीय लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलती रही है और शरीर भी इससे फिट, चुस्त, तंदुरुस्त रहता है ।मिश्रा इससे पहले भी कोलकाता मैराथन, दिल्ली मैराथन जमशेदपुर हाफ मैराथन एवं मुंबई की फुल मैराथन में भाग ले चुके हैं।

## रेलवे में 26 से फिर बढ़ेगा स्लीपर और एसी क्लास का किराया

**जमशेदपुर :** रेलवे में एक बार फिर स्लीपर और एसी क्लास का किराया बढ़ाने की उम्मीद है सोशल मीडिया में वायरल एक पत्र के अनुसार जनरल स्लीपर श्रेणी के किराया में 215 किलोमीटर तक किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं होगी जबकि 216 किलोमीटर से प्रति किलोमीटर एक पैसे की बढ़ोतरी होगी। वहीं, स्लीपर और एसी श्रेणी के किराया में दो पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी है। बताया जाता है कि रेलवे ने 1 जुलाई 2025 में ही यात्रा किराया में वृद्धि की थी। ऐसे में 26 दिसंबर से फिर किराया बढ़ने से यात्रियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। यात्रियों के अनुसार एक तरफ ट्रेन पूरे देश में लेट चल रही है और किसी न किसी निर्माण कार्य का हवाला देकर रद्द किया जा रहा है। ऐसे में रेलवे द्वारा किराया बढ़ाने से परेशानी और बढ़ेगी।

## मारवाड़ी युवा मंच की टीम जीती

**जमशेदपुर :** जेसीआइ जमशेदपुर रॉयल्स की मेजबानी में शनिवार से ट्यूब मेकर्स क्लब में जयसी प्रीमियर लीग (जेसीपीएल) 4.0 का आगाज हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक पूर्णिमा साहू ने किया. प्रतियोगिता के पहले मैच में मारवाड़ी युवा मंच (एमवाइएम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जमशेदपुर डेंटल एसोसिएशन को पराजित किया. दूसरा मुकाबला डीबीएमएस एलुमनी और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच खेला गया. इसमें डीबीएमएस एलुमनी की टीम ने प्रभावशाली खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की. तीसरे मैच में सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बिल्डर्स एसोसिएशन को मात देकर निजीत हासिल की. चौथे मुकाबले में मेजबान टीम जेसीआइ जमशेदपुर रॉयल्स ने यंग इंडियंस को हराकर स्थानीय दर्शकों का दिल जीत लिया. दिन के पांचवें मैच में लोयोला एलुमनी ने सीआइसीएएसए, जमशेदपुर को पराजित कर प्रतियोगिता की प्रतिस्पर्धा को और रोचक बना दिया. टूनामेंट का आयोजन विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में किया जा रहा है. उत्सव मित्तल, विशाल अग्रवाल और तारकिशोर अग्रवाल सहित संगठन के अन्य सदस्यों टूनामेंट के आयोजन में अपना योगदान दे रहे हैं.

## निरसा गोलीकांड में चार लड़कों पर फायरिंग व छिनतई का आरोप

**धनबाद :** निरसा के देवियाना गेट पर पेट्रोल पंप के पीछे हुई फायरिंग मामले में घायल विशुनपुर नाला के पास रहने वाले बालू व पत्थर कारोबारी पारस सिंह के पुत्र राणा सौरभ सिंह का दिल्ली में इलाज चल रहा है। घटना के तीन दिन बाद राणा सौरभ के चाचा राणा रंजीत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उनके भतीजे ने खुद को गोली नहीं मारी, बल्कि चार लड़कों ने साजिश रच कर भतीजे को गोली मारी है। राणा रंजीत ने बताया कि उनके भाई पारस सिंह ने मामले में 19 दिसंबर को ही निरसा थाना में लिखित शिकायत देकर स्थिति स्पष्ट की है।

पुलिस को दिए आवेदन में बताया गया है कि घटना के दिन शाम सात बजे सौरभ पेट्रोल पंप पहुंचे थे। उनके स्टाफ सुमित कुमार ने फोन करके बताया था कि जयप्रकाश नगर निवासी प्रीतम कुमार, विशुनपुर निवासी अमित साहू, कार्मिक नगर निवासी अजीत सिंह और मंटू सिंह ने मिल कर उनके भतीजे को गोली मारी है। चारों पहले से पेट्रोल पंप पहुंच हुए थे। आरोपियों को पता था कि उनके भतीजे की गाड़ी में लाइसेंसी पिस्टल रहती है। चारों ने 50 लाख रुपए रंगदारी की मांग की। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मंटू, अमित और अजीत ने सौरभ को पकड़ा और प्रीतम ने उस पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद गाड़ी में रखा दो लाख रुपए लेकर चारों भाग गए। पिस्टल वहीं फेंक दिया।

## मानगो विकास समिति तीन सेवाधर्मी चिकित्सकों को करेगी सम्मानित

**जमशेदपुर :** मानगो विकास समिति शहर के चर्चित सेवाधर्मी चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. नागेन्द्र सिंह की स्मृति में उत्कृष्ट सेवा सम्मान पुरस्कार शुरू करने जा रही है। इसके तहत शहर व शहर से बाहर कार्यरत तमाम सेवा धर्मी सम्मानित चिकित्सक वृंद की एक सूची बनाई जाएगी और समाज में उनके सेवा कार्य के मूल्यांकन के आधार पर प्रतिवर्ष तीन चिकित्सक नामित किए जाएंगे। पुरस्कार में 21,000 रुपये के अलावा एक शॉल, प्रशस्तिपत्र शामिल होंगे। यह पुरस्कार आगामी वर्ष चिकित्सक दिवस 01 जुलाई को दिया जाएगा। मार्च महीने से चिकित्सक बंधुओं की उम्मीदवारी शुरू होगी और मई के अंत तक पात्रों का चयन कर उन्हें सूचना दे दी जाएगी।

फिर उक्त तिथि पर उन्हें सादर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। समिति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की एक चयन समिति बनेगी जो उक्त चयन प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाएंगे। इसके लिए एक संरक्षक मण्डल बनाया जाएगा, जिसमें पांच सदस्य होंगे एक प्रधान संरक्षक व अन्य चार संरक्षक होंगे। चयन की प्रक्रिया वही पूर्ण करेंगे और उनका निर्णय अंतिम होगा।

## मधुसूदन स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**चक्रधरपुर :** मधुसूदन पब्लिक स्कूल और मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय में रविवार को साइंस, आर्ट्स और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जेएलएन कॉलेज के प्राचार्य श्रीनिवास कुमार ने फीता काट कर किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक बलराज हिन्दवार, एपीएस के प्राचार्य के नागराजू, ओम प्रकाश महतो सहित कई बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राए मौजूद थे। वहीं बच्चों द्वारा एक से बढ़ एक मॉडल की प्रदर्शनी लगाई है।

## एन एच में गलत दिशा पर चल रही है गाडियां

**गालूडीह :** गालूडीह थाना क्षेत्र में ओटो चालक,कार चालक कुछ पैसे को बचाने को लेकर टुरिस्ट को एन एच पर गलत दिशा से मंदिर सहित अन्य दार्शनिक स्थल ले जाते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही साथ अन्य कई गाड़ियां यातायात के नियम का खुलेआम धज्जियां उडा कर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। दिसंबर महीना और जनवरी महीना क्षेत्र में टुरिस्ट का क्षेत्र में आवागमन रहता है।

# पलामू में भव्य क्रिसमस महोत्सव और शोभायात्रा शिल्पी नेहा तिर्की की लोगों से प्रेम से रहने की अपील

संवाददाता

**पलामू :** नफरत का प्रचार होते हुए देखने और समाज को बँटते हुए देखने के बाद इसका विरोध करें और उसे वहीं पर रोकने की कोशिश करें। लोग राजनीतिक मोहरा नहीं बनें और षड्यंत्र में शामिल नहीं हों। यह बात झारखंड सरकार के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पलामू में कही।

**आपसी भाईचारे के साथ रहें- शिल्पी नेहा तिर्की**

पलामू में भव्य क्रिसमस महोत्सव का आयोजन किया गया था। यह पहली बार था कि इतनी बड़ी संख्या में लोग क्रिसमस महोत्सव मनाने के लिए जमा हुए। क्रिसमस महोत्सव को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने संबोधित किया और कहा कि यह देश महात्मा गांधी का देश है, यहां नफरत फैलाने की कोशिश की जा रही




है। जो लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं, अगर वे चुप रहें तो यह देश गर्त में चला जाएगा। यह शांति किस काम की, जब लोग नफरत फैलाने में कामयाब हो जाएं।

**शोभायात्रा में शामिल हुईं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की**

दरअसल, पलामू में पहली बार भव्य क्रिसमस महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी समुदाय के धर्मगुरुओं को आमंत्रित किया गया था। शोभायात्रा में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक रामचंद्र सिंह, डाल्टनगंज धर्म प्रांत के बिशप योदोर मैस्करेनहास, फादर संजय शामिल थे।

**पुलिस को भी तैनात किया गया था**

शोभायात्रा मेदिनीनगर के स्टेशन स्थित रानी गिरजाघर कैथेड्रल से निकलकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए चियांकी के साधना सदन तक गई। महोत्सव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को भी तैनात किया गया था और ट्रैफिक व्यवस्था में भी आंशिक बदलाव किया गया था।

# हजारीबाग में दर्दनाक हादसा, दीवार के मलबे में दब गए 3 मजदूर, 2 की मौत

संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के सीसीएल की उरीमारी परियोजना में शनिवार की रात 10 ।30 बजे आउटसोर्सिंग खुली खदान में हाई वॉल (ऊंची दीवार) डंपर पर गिरने से उसमें दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्राइवेट डंपर ऑपरेटर 30 वर्षीय सुनील यादव और डंप मैन 50 वर्षीय राजू पासवान के रूप में की गई है। हालांकि अंधेरे और कोहरे की वजह से शव को नहीं निकाला जा सका है। एक घायल मजदूर का भुरकुंडा स्थित सीसीएल अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिस प्रकार मलबा डंपर पर गिरा है, उसमें किसी के बचने की गुंजाइश ही नहीं है। उरीमारी थानेदार ने कहा कि दबे कर्मियों का शव रात 12 बजे तक नहीं निकाला जा सका। अब रविवार को निकाला जाएगा। वहीं परियोजना पदाधिकारी न फोन रिसीव नहीं किया। घटना से आक्रोशित होकर उरीमारी परियोजना की आउटसोर्सिंग खुली खदान और विभागीय खुली खदान का काम और कोयला ढुलाई को पूरी तरह से ठप कर दिया गया है।

# सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रवि रंजन मिश्रा सीसीएल के सलाहकार के रूप में दे रहे हैं कारगर सुझाव

बिनय मिश्रा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के आईएएस अधिकारी रवि रंजन मिश्रा झारखंड के उन सफलतम अधिकारियों में शामिल हैं जिनकी उपलब्धि , कामयाबी और बेहतर कार्य प्रणाली उनकी सशक्त पहचान है।

श्री मिश्रा जब कल्याण विभाग में पदस्थापित थे तब उनके कार्य हमेशा काफी बेहतर रहे। जेपीएससी के सचिव के रूप में भी उनके कार्य काफी बेहतर रहे। जल संसाधन विभाग में भी उनके पद स्थापना काल में विभाग को भरपूर विकास गति मिली और विभाग अधीन कार्यों का संपादन सुचारू ढंग से हुआ। श्री मिश्रा इसी विभाग से सेवानिवृत्त हुए उनकी लंबी प्रशासनिक दक्षता के फलस्वरूप उनके प्रशासनिक अनुभव का लाभ वर्तमान में सीसीएल को अब मिल रहा है श्री मिश्रा को सीसीएल ने सलाहकार ( भूमि एवं राजस्व) के रूप में पदस्थापित किया है इसी के फलस्वरूप यह कहा जा सकता है कि अधिकारी की जानकारी और उनके प्रशासनिक क्षमत और दक्षता के फलस्वरूप कर्मठता भी उनकी योग्यता को प्रभावशाली बनाता है।

गौरतलब हो कि श्री मिश्रा बोकारो के लोकप्रिय डीडीसी के रूप में अब भी पहचाने जाते हैं। उनके द्वारा डीडीसी के रूप में विकास कार्यों को धरातल पर उतारना और जन अपेक्षा के अनुरूप



विकास गति को मूर्त रूप देना इनकी उपलब्धि में शामिल है। ऐसे अधिकारी पर हमें हमेशा गर्व है।

# मानगो विकास समिति तीन सेवाधर्मी चिकित्सकों को करेगी सम्मानित

संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो विकास समिति शहर के चर्चित सेवाधर्मी चिकित्सक स्वर्गीय डॉ। नागेन्द्र सिंह की स्मृति में उत्कृष्ट सेवा सम्मान पुरस्कार शुरू करने जा रही है। इसके तहत शहर व शहर से बाहर कार्यरत तमाम सेवा धर्मी सम्मानित चिकित्सक वृंद की एक सूची बनाई जाएगी और समाज में उनके सेवा कार्य के मूल्यांकन के आधार पर प्रतिवर्ष तीन चिकित्सक नामित किए जाएंगे। पुरस्कार में 21,000 रुपये के अलावा एक शॉल, प्रशस्तिपत्र शामिल होंगे। यह पुरस्कार आगामी वर्ष चिकित्सक दिवस 01 जुलाई को दिया जाएगा। मार्च महीने से चिकित्सक बंधुओं की उम्मीदवारी शुरू होगी और मई के अंत तक पात्रों का चयन कर उन्हें सूचना दे दी जाएगी।

फिर उक्त तिथि पर उन्हें सादर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। समिति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की एक चयन समिति बनेगी जो उक्त चयन प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाएंगे। इसके लिए एक संरक्षक मण्डल बनाया जाएगा, जिसमें पांच सदस्य होंगे एक प्रधान संरक्षक व अन्य चार संरक्षक होंगे। चयन की प्रक्रिया वही पूर्ण करेंगे और उनका निर्णय अंतिम होगा।

# तीन दिवसीय बांग्ला पौष पार्बन मेला ले लोगों का मोहा मन

संवाददाता

**धनबाद :** हीरापुर स्थित लिंड्से क्लब एवं लाइब्रेरी में चल रहे तीन दिवसीय पौष पार्बन मेला के दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों बांग्ला लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। कलाकारों की गीतों ने सबका मन मोह लिया। मौके पर निरसा के विधायक अरूप चटर्जी मुख्य अतिथि थे। बंगाल के मशहूर लोकप्रिय लोकगीत गाय निताई वाउल का के गानों का सबने लुफ्त उठाया। मेले में आए आसपास के लोगों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्टॉल में लगे स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाया। मेले में शनिवार को बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करायी गई। बच्चों ने मंच पर आकर्षक परिधानों का प्रदर्शन किया।धनबाद के स्थानीय कलाकार कुशान सेनगुप्त और सिलविया राय ने नृत्य प्रस्तुत किया। अध्यक्ष अमलेंद्र सिन्हा ने बताया कि अंतिम दिन अतिथियों की ओर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। रविवार को कोलकाता के मशहूर बंगाल बैंड मैनाक एवं उनकी टीम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेगी। रक्तदान शिविर का आयोजन क्लब एवं एसएनएमएमसीएच के सहयोग से किया गया है।

# त्रिदिवसीय अटल स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**चाईबासा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय अटल स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को शुभारम्भ हुआ । पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने फुटबॉल को किक मार कर खेल का शुरूआत किया । इस अवसर पर पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि ग्रामीण बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर के रूप में अटल फुटबॉल प्रतियोगिता को देखा जाना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडे , उपाध्यक्ष राकेश बबलू शर्मा , महामंत्री प्रताप कटियार , पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश पूरी , मीडिया प्रभारी जितेंद्र नाथ ओझा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे । प्रतियोगिता सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मैदान में चल रही है ।




## टाटानगर के यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

**जमशेदपुर :** थर्ड लाइन कार्य को लेकर ओडिशा के नारायणगढ़ और भद्रक स्टेशन के बीच रविवार से लाइन ब्लॉक हो रहा है। इससे 27 दिसंबर तक जगह बदलकर काम होगा लाइन ब्लॉक के दौरान रेलवे ने खड़गपुर, भुवनेश्वर, पुरी शालीमार, सिकंदराबाद एवं अन्य मार्ग की 25 ट्रेनों को समय बदलकर चलाने का आदेश दिया है जबकि, खड़गपुर और ओडिशा के बीच तीन ट्रेनों को रद्द करने के साथ एक ट्रेन के परिचालन दूरी में कटौती की गई है। रेलवे के थर्ड लाइन कार्य के कारण टाटानगर से खड़गपुर जाकर फलकनुमा कोरोमंडल समेत अन्य ट्रेनों पर यात्रा करने वालों को दिक्कत होगी।

## 14 ट्रेनों की जांच में मिले 309 बेटिकट यात्री

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के आदेश पर ट्रेनों और स्टेशन पर शुरू विशेष जांच अभियान के दौरान 309 बिना टिकट यात्री धाराए। जिनसे टिकट निरीक्षक और आरपीएफ जवानों की टीम ने खड़गपुर में 1 लाख 92 हजार रुपये जुर्माना वसूला है। बताया जाता है कि चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर भी विशेष टिकट जांच अभियान शुरू है।

# नीति आयोग के केंद्रीय सचिव पहुंचे गढ़वा, किया केंद्र की योजनाओं का निरीक्षण

संवाददाता

**गढ़वा :** भारत सरकार के केंद्रीय सचिव जितेंद्र श्रीवास्तव गढ़वा पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 112 आकांक्षी जिलों में गढ़वा भी शामिल है। अधिकारियों ने केंद्र की योजनाओं के बारे में जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के 112 अति पिछड़े जिलों को देश के आकांक्षी जिलों में शामिल किया है, जिसमें गढ़वा जिला भी शामिल है। इन्हीं पिछड़े जिलों को देश के अग्रणी जिलों में शामिल करने के लिए पीएम मोदी ने नीति आयोग को इसकी जिम्मेदारी दी है।

दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अधिकारी

आकांक्षी जिलों के तहत केंद्र सरकार ने केंद्र के एक मंत्री एवं एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को गढ़वा जिला का नोडल बनाया गया है, जो समय-समय पर गढ़वा पहुँचकर केंद्र की योजनाओं की समीक्षा करते हैं। इसी के तहत भारत सरकार के




केंद्रीय सचिव, सीएमडी आरईसी लिमिटेड सह नीति आयोग के जिला के नोडल पदाधिकारी जितेंद्र श्रीवास्तव दो दिवसीय दौरे पर गढ़वा पहुंचे हैं।

मछली उत्पादन और उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

इस मौके पर सबसे पहले उन्होंने अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न सूचकांकों एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान केंद्रीय सचिव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अति पिछड़ा इलाका चिनिया प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मछली उत्पादन के क्षेत्र में गढ़वा जिले में किए जा रहे कार्य को देखा। उन्होंने मछली उत्पादन के कार्य की सराहना की। मछली उत्पादन क्षेत्र के भ्रमण के बाद केंद्रीय सचिव ने उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है। मौके पर डीसी ने कहा कि शनिवार को केंद्रीय सचिव का दौरा था। इस दौरान उन्होंने कई योजनाओं का निरीक्षण किया, जिसके बाद कई आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया गया है। जिसपर जिला प्रशासन ने कहा है कि जो भी सुझाव मिले हैं, उसपर अमल करेंगे।